www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 35 ||अम्बेडकरनगर
रविवार
26 अप्रैल 2026||पृष्ठः 08||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:33
सूर्यास्तः 06:36
अधिकतमः 42:00
न्यूनतमः 27:00



पेज 07

विशेष समाचार | भारतीय ज्ञान-संपदा और... >>पेज 04 | बेटी की शादी कराके लौट रहे ... >>पेज 06 | 'ड्रग केस में सेलिब्रिटीज ...

## किसानों के मुद्दे पर सपा का हमला, अखिलेश बोले-भाजपा सरकार में खेती हुई अलाभकारी

# 'जब खेत मुस्कुराएगा तभी देश मुस्कुराएगा'

**24** घंटे में गन्ना भुगतान और एमएसपी, फ्री सिंचाई का वादा

**23** फसलों के साथ दूध को भी एमएसपी के दायरे में लाया जाएगा

**संबोधन**

अरमान

तमसा संकेत, लखनऊ। अखिलेश यादव ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गाजियाबाद में आयोजित 'विजन इंडिया' कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। "किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम के बाद लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज किसान गंभीर संकट से गुजर रहा है और सरकार ने उसके हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

उन्होंने कहा कि खेती लगातार महंगी होती जा रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार बनने पर 23 फसलों के साथ दूध को भी एमएसपी के दायरे में लाया जाएगा। किसानों को फ्री सिंचाई, फसल नुकसान की पूरी भरपाई और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

### ऑर्गेनिक खेती और क्वालिटी सिस्टम पर जोर

उन्होंने खेती को लाभकारी बनाने के लिए ऑर्गेनिक फार्मिंग बढ़ाने, केमिकल के उपयोग को घटाने और किसानों को सब्सिडी पर बीज उपलब्ध कराने की जरूरत बताई। साथ ही सीड टेस्टिंग लैब और क्वालिटी चेक सिस्टम मजबूत करने पर भी जोर दिया।

विजन इंडिया कार्यक्रम में सपा प्रमुख ने गिनाईं किसान समस्याएं




सपा प्रमुख ने घोषणा की कि सरकार बनने पर गन्ना किसानों का भुगतान 24 घंटे के भीतर किया जाएगा। इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का किसान रिवॉल्विंग फंड बनाया जाएगा। साथ ही किसानों के कर्ज के समाधान के लिए एग्रीकल्चर डेब्ट रिलीफ एक्ट लाने की बात कही। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और प्रो. सुधीर पंवार भी उपस्थित रहे।

### बिजली संकट और स्मार्ट मीटर पर सवाल

सपा प्रमुख ने प्रदेश में बिजली संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने कोई नया बिजली संयंत्र नहीं लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के जरिए जनता को नुकसान हो रहा है और लोग इन्हें हटाने तक पर उतर आए हैं। उन्होंने वादा किया कि सपा सरकार बनने पर "स्मार्ट गांव" विकसित किए जाएंगे।

### 'कृषि ढांचे की कमी और विदेशी आयात से खतरा'

अखिलेश यादव ने कहा कि देश में कृषि के लिए जरूरी आधारभूत ढांचा कमजोर है। उन्होंने अमेरिका के साथ हुई डील का जिक्र करते हुए कहा कि अगर बड़े पैमाने पर कृषि उत्पाद और पशु चारा विदेश से आएंगे तो भारतीय किसान और संकट में आ जाएगा।



### दिल्ली में पारा 43 डिग्री सेल्सियस, हॉस्पिटल में बनी हीटस्ट्रोक यूनिट

भोपाल। देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44C के पार जा चुका है। इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं।

इधर, दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 42.8C तक पहुंच गया। यह इस साल का सबसे गर्म दिन रहा। जिसके चलते राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में 'हीटस्ट्रोक यूनिट' बनाई गई है। इसमें कूलिंग टब, 200kg बर्फ बनाने की मशीनें और पोर्टेबल आइस पैक भी रखे गए हैं। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8C रहा।

# बंगाल चुनाव के दौरान पक्षपात के आरोप में 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

## चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन कार्यवाही शुरू करने का आदेश

**निलंबित**

■ पश्चिम बंगाल में चुनाव ड्यूटी पर लगे कुछ अधिकारियों पर गिरी गाज

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के विधानसभा चुनाव के दौरान पक्षपात के आरोपी पाए गए पुलिस अफसरों पर गाज गिर गई है. पांच पुलिस अफसरों को सस्पेंड कर दिया गया है, इनमें आईपीएस समेत एसडीपीओ और प्रभारी निरीक्षक भी शामिल हैं. इन अधकाकियों के सस्पेंशन के निर्देश चुनाव आयोग ने दिए थे. अब इन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है. दरअसल इन अधिकारियों पर गंभीर दुर्व्यवहार और पक्षपात करने के आरोप लगे हैं. इन पर चुनाव आयोग का चाबुक चल गया है. चुनाव आयोग ने वोटिंग वाले दिन निष्पक्षता न बरतने और दुर्व्यवहार को लेकर कई अधिकारियों के निलंबन समेत अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का आदेश जारी किया था। >> (शेष पेज 06 पर)




**सुभेच्छा बाग, प्रभारी अधिकारी, उस्ती पुलिस स्टेशन**

इन पांच अफसरों को सस्पेंड किया गया है. वहीं डायमंड हार्बर की पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशानी पाल को चुनाव जैसे संवेदनशील मामलों में अपने अधीनस्थ अधिकारियों की ओर से अनुशासन और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए चेतावनी जारी की गई है.

# इस्लामाबाद शांति वार्ता फिर बेनतीजा

## यूएस से बातचीत के बिना ही पाक से वापस लौटे ईरानी विदेश मंत्री

**वापसी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच जंग और तनाव के बीच शनिवार को नई उम्मीद की किरण दिखी थी. लेकिन अब वह उम्मीद टूट गई है. ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अपनी एक बड़ी टीम के साथ पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे थे. पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच बिचौलिया यानी मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला था. लेकिन, ईरान का डेलिगेशन बिना अमेरिकी प्रतिनिधित्व के इस्लामाबाद में आए हुए ही पाकिस्तान से चले गए. ईरान सीधे अमेरिका से बात करने को तैयार नहीं है इसलिए पाकिस्तान दोनों के बीच संदेश पहुंचाने का काम कर रहा. अमेरिका से भी स्पेशल दूत इस्लामाबाद आने वाले थे. लेकिन ईरानी प्रतिनिधित्व चले गए हैं तो इस पर अभी फिलहाल कोई जानकारी नहीं है. अराघची और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मुलाकात हुई. इस मुलाकात के बाद तेहरान के प्रतिनिधत्व पाकिस्तान से चले गए. यह जानकारी न्यूयॉर्क पोस्ट और इजरायली मीडिया के हवाले से सामने आई है। >> (शेष पेज 06 पर)




शनिवार को अब्बास अराघची एक बड़ी टीम के साथ पाकिस्तान पहुंचे थे. वहां उनकी मुलाकात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हुई. इस मीटिंग में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर भी मौजूद थे.

### ईरान ने सीधी बात से किया इनकार

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने साफ कहा कि इस दौर में ईरान और अमेरिका के बीच कोई सीधी मीटिंग नहीं होगी. ईरान पाकिस्तान के जरिए अपनी बात और अपनी चिंताएं अमेरिका तक पहुंचाएगा. उन्होंने अमेरिका के इस पूरे कदम को 'अमेरिका का थोपा हुआ हमलावर युद्ध' बताया और कहा कि पाकिस्तान शांति बहाल करने की कोशिश में जुटा है।

**फास्ट न्यूज**

### धीरेंद्र शास्त्री बोले-4 बच्चे पैदा करो, एक आरएसएस को दो

खजुराहो । बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- 'आप चार बच्चे पैदा करो। उनमें से एक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को दे दो, ताकि वह दूसरों को बचाने के काम आए।' उन्होंने ये बात नागपुर में विश्व के पहले 'भारतदुर्गा मंदिर' के शिलान्यास समारोह में शुक्रवार को कही।

**पूजन कार्यक्रम**

### भागवत बोले- भारत विश्वगुरु जरूर बनेगा, कोई संदेह नहीं

नागपुर । राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत निश्चित रूप से विश्वगुरु बनेगा और इस पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब लोग अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर संशय में रहते थे। इसे असंभव मानते थे। लेकिन आज वह मंदिर सबके सामने साक्षात खड़ा है। ठीक उसी प्रकार, भारत का विश्वगुरु के रूप में पुनरुत्थान भी पूरी तरह निश्चित है और इस यात्रा को रोका नहीं जा सकता। भागवत ने यह बात नागपुर में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में बनने वाले भारत दुर्गा शक्ति स्थल मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में कही।

### सांसद भज्जी-गुप्ता के घर, एलपीयू गेट पर लिखा 'गद्दार'

पंजाब/चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले 7 में से 3 राज्यसभा सांसदों हरभजन सिंह भज्जी, राजिंदर गुप्ता और LPU के संस्थापक अशोक मित्तल के खिलाफ AAP के वर्करों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने जालंधर में भज्जी और लुधियाना में ट्राइडेंट ग्रुप के मालिक राजिंदर गुप्ता के घर के बाहर गद्दार लिख दिया।

# ममता बीजेपी का रास्ता खोल रहीं : राहुल गांधी

## हिमंता ने कहा- बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे

**रैली**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली में रैली की। उन्होंने कहा- मेरे ऊपर 36 केस हैं क्योंकि मैं BJP से लड़ता रहता हूं। ED ने मेरे से 55 घंटे पूछताछ की। मेरा घर ले लिया गया था। लेकिन ममता जी के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ। क्योंकि जो ममता बंगाल में कर रही हैं, मोदी जी देश में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, पर उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। मोदी ने अमेरिका को हमारे देश का कृषि सेक्टर बेच दिया। आप जानते हो कि देश में जहां भी नरेंद्र मोदी जाते हैं, वो सिर्फ नफरत फैलाते हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ राहुल बोले- भाजपा वोटचोरी करती है
■ ममता महिलाओं पर आत्यचार करती हैं
■ पश्चिम बंगाल के हवड़ा में अमित शाह का रोड शो

## योगी बोले- 4 मई के बाद टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी

# जय श्रीराम बोलने पर ममता दीदी को बुरा लगता है : योगी

**तंज**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/कोलकाता । 'TMC ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) का विरोध किया। इस अधिनियम से पाकिस्तान और बांग्लादेश से परेशान होकर आए हिंदू, बौद्ध और जैनों को भारत की नागरिकता मिलेगी। लेकिन, ममता दीदी को बुरा लगता है कि अगर हिंदू ज्यादा होंगे तो सड़क पर इफ्तारी कैसे होगी। यूपी में कोई सड़क पर इफ्तार पार्टी नहीं कर सकता, नमाज भी नहीं पढ़ सकता। मस्जिद से कोई आवाज भी नहीं आती। अब TMC सरकार से मुक्ति का समय आ गया है। 4 मई को जब रिजल्ट आएगा तो TMC के गुंडों को कहीं छुपने की जगह नहीं मिलने वाली है।' सीएम योगी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली में ये बातें कहीं। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप और पूर्व वर्धमान जिले की कटवा सीट पर चुनाव प्रचार किया। >> (शेष पेज 06 पर)



**यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, यूपी में सब चंगा है**

कभी भारत की अर्थव्यवस्था में बंगाल का सबसे ज्यादा योगदान था। बेटियां और बहनें सुरक्षित हुआ करती थीं, लेकिन अब गुंडा टैक्स वसूला जा रहा। कैटल माफिया, सैंड माफिया और लैंड माफिया बढ़ रहे हैं। >> (शेष पेज 06 पर)



### ममता को बंगाल में जय श्रीराम बोलने से परेशानी

बंगाल विभाजन के समय वंदे मातरम् हर बंगाली का हथियार बना था, लेकिन ममता दीदी को इन सबसे चिढ़ है। बंगाल में जय श्रीराम बोलने से उन्हें परेशानी होती है। कोलकाता हाईकोर्ट को आदेश देना पड़ा था कि जो लोग दुर्गा पूजा में अव्यवस्था फैला रहे हैं, उन्हें रोका जाए। बंगाल में माफिया राज की प्रतीक बनी यह सरकार कुछ सुनने को तैयार नहीं है। आपने परसों देखा होगा कि TMC के गुंडों ने कैसे भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया।

## स्वागत : जिलाधिकारी ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया

# जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने संभाला कार्यभार गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। शनिवार को आईएएस अधिकारी ईशा प्रिया ने जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार के डबल लॉक में उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यभार संभालने के बाद जिलाधिकारी ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित किया जाएगा। जनसमस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर काम करने की अपेक्षा जताई। कहा कि सभी विभाग मिलकर काम करें, ताकि विकास कार्यों में गति आए और लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। कार्यभार ग्रहण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। इसके लिए हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।



**जिलाधिकारी ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही राजस्व कार्यों में तेजी लाने और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।**

### अधिकारियों ने किया स्वागत

कलेक्ट्रेट पहुंचने पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय कक्ष में पहुंचकर अधिकारियों से परिचय लिया और जिले की प्रशासनिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

# आप छोड़ते ही राघव चड्ढा के 14 लाख इंस्टाग्राम-फॉलोअर्स घटे

## संजय सिंह बोले- 7 राज्यसभा सांसदों को अयोग्य ठहराने के लिए सभापति को चिट्ठी लिखेंगे






■ राघव चड्ढा के फॉलोअर्स, शुक्रवार शाम तक




■ शनिवार शाम को

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा जॉइन करने वाले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के इंस्टाग्राम पर करीब 14 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। 24 घंटे पहले उनके फॉलोअर 14.6 मिलियन थे। शनिवार शाम तक यह 13.2 मिलियन बचे हैं। AAP के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने शुक्रवार को BJP जॉइन कर ली थी। राघव चड्ढा ने कहा था कि हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता भी हमारे साथ हैं। इधर, AAP नेता संजय सिंह ने बताया कि पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले राज्यसभा सांसदों को अयोग्य ठहराने के लिए राज्यसभा के सभापति को लेटर लिखेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

## उप मुख्यमंत्री ने जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों व समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# ‘तहसील, थाना और विकास खण्ड को बनाएं मॉडल’

शादी विवाह के आयोजनों में गैस की आपूर्ति बाधक ना बने, जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जाएं सिलेंडर
अवैध खनन के नाम पर किसानों का ना हो उत्पीड़न, यथाशीघ्र कराया जाए गन्ना मूल्य भुगतान



**बैठक**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली के प्रशासनिक अधिकारियों व समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार बरेली में सम्पन्न हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति समस्या लेकर जाए तो उसका समाधान करें यदि समाधान नहीं हो सकता है तो उसका पर्याप्त कारण बताएं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुचाने की दिशा में विशेष ध्यान देना होगा, जिससे सरकार की छवि खराब ना हो। मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि जो हाईवे निर्माणाधीन हैं उनके टेंडर में यह प्राविधान रहता है कि यदि निर्माण सामग्री लाने व ले जाने में आस-पास सड़के छतिग्रस्त हो जाती है तो वो कार्यदायी संस्था उन सड़कों को निश्चित समयसीमा में बनवाएंगी, जिससे वहां के स्थानीय निवासियों/ग्रामीणों को असुविधा ना हो। बैठक में निर्देश दिए गए कि तहसील, थाना और विकास खण्ड को मॉडल बनाएं, वहां कोई समस्या लेकर आए तो उस समस्या का निराकरण कराएं और आगन्तुकों का आदर करें, निरादर ना करें तथा लोगों के बैठने आदि के लिए पर्याप्त कुर्सियों आदि की व्यवस्था करें। इसी प्रकार तहसील दिवस/थाना दिवस/ग्राम चौपाल आदि को औपचारिकता ना बनाकर लोगों की समस्याओं के निस्तारण का प्रभावी माध्यम बनाए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे लोगों की समस्या का निराकरण स्थानीय स्तर पर हो सके और वह अनावश्यक रूप से लखनऊ के चक्कर लगाने की परेशानी से बच सकें।

**लोगों के बैठने आदि की समुचित हो व्यवस्था, स्थानीय स्तर पर समस्याओं के निराकरण पर जोर**

बैठक में मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने तहसील नवाबगंज एवं बहेड़ी के गन्ना किसानों का भुगतान के बारे में जानकारी ली, जिस पर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि नवाबगंज चीनी मिल की नीलामी हो गयी है तथा बहेड़ी शुगर मिल की नीलामी दिनांक 29 अप्रैल को है, जिस पर मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि यथाशीघ्र समस्या का समाधान करते हुए किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान कराया जाए।

### गेहूं खरीद के मध्य कोई दलाल नहीं आना चाहिए

बैठक में मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए गए कि एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया जाए जिसमें जनप्रतिनिधि/पार्टी पदाधिकारी व अधिकारी जुड़े रहे और यदि कोई जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्या बतायी जाती है तो उसका निस्तारण कर कृत कार्यवाही से अवगत कराया जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि गेहूं खरीद के मध्य कोई दलाल नहीं आना चाहिए तथा हर हाल में गेहूं क्रय केन्द्रों पर खरीद होनी चाहिए और गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसी प्रकार की अवैध वसूली नहीं होनी चाहिए यदि ऐसा होता है तो कठोर कार्यवाही की जाए और कृत कार्यवाही से उन्हें भी अवगत कराया जाए। बैठक में मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अवैध खनन के नाम किसानों का उत्पीड़न और भू-माफियाओं का संरक्षण नहीं होना चाहिए यदि जनपद में कोई अवैध निर्माण हुआ है तो वह किसके कार्यकाल में हुआ है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जाए।

## निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन सुनिश्चित हो रहा

तमसा संकेत, संवाददाता



**गोसंरक्षण के साथ-साथ आर्थिक स्वावलम्बन का आधार बन रही गौशालाएं**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व एवं कुशल दिशा-निर्देशन में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में भारतीय संस्कृति की आस्था के प्रतीक गौवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य राज्य सरकार द्वारा किये गये हैं। पूर्ववर्ती सरकारों के समय उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश की समस्या लंबे समय तक किसानों, ग्रामीण समाज और शहरी जीवन के लिए एक गंभीर चुनौती बनी रही। खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान, सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा और पशुओं की दयनीय स्थिति को केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना से जुड़े मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए प्रदेश में गोवंश संवर्धन तथा निराश्रित बेसहारा छुट्टा गोवंश के संरक्षण एवं भरण-पोषण के उद्देश्य से निराश्रित गोवंश संरक्षण नीति-2019 का प्राख्यापन कर समस्त निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य प्रथम बार किया गया है। आज यह नीति जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रही है। गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इस हेतु प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 6,433 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 518 वृहद गो संरक्षण केंद्र और 253 कांजी हाउस संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों में 323 कान्हा गो आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार पूरे प्रदेश में कुल 7,527 गो आश्रय स्थलों का एक सुदृढ़ नेटवर्क विकसित किया गया है, जिसमें लगभग 12.39 लाख निराश्रित गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित किए जा रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### ट्रेन छूटने से सैकड़ों छात्रों का एग्जाम छूटा

लखनऊ। लखनऊ में होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। आज से यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षा शुरू हो गई है। इसी बीच ट्रेन लेट होने के कारण सैकड़ों अभ्यर्थियों की परीक्षा छूट गई। बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन तकनीकी खराबी के चलते देर से चली, जिससे कई अभ्यर्थी समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सके। तेज धूप के बीच कई अभ्यर्थी सिर पर गमछा रखकर परीक्षा देने पहुंचे।

### लखनऊ में प्रेमी ने गला दबाकर महिला की हत्या की

लखनऊ। लखनऊ में प्रेमी ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को घर पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना शुक्रवार रात ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के लाला बाग, रिंग रोड के पास हुई। मृतक की पहचान नीलम सक्सेना (42) के रूप में हुई। वह अपने प्रेमी और 8 साल की बेटी के साथ एक खाली प्लॉट में झोपड़ी बनाकर रहती थी। शनिवार सुबह उसी प्लॉट में उसका शव मिला है। मृतका के भाई नरेश ने बताया कि नीलम की शादी गौर अतरौली, हरदोई निवासी संजय सक्सेना से 15 साल पहले हुई थी।

### निगोहां में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी भीषण आग

लखनऊ । लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र स्थित मदापुर मंदिर चौराहे पर शनिवार को विंध्यावासिनी इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा शोरूम धुएं और लपटों से घिर गया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की 2 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

## ट्रांसफॉर्मर बदलने से लेकर एचटी फॉल्ट तक का होगा त्वरित समाधान

### प्रतिदिन 8-8 घंटे की 3 शिफ्टों में काम करेगी विशेष टीम

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । वाराणसी जिले के उपभोक्ताओं को निर्बाध, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने आज शहर में दो अत्याधुनिक '24×7 वैन' का उद्घाटन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्युत फॉल्ट सुधार (Restoration Time) में लगने वाले समय को न्यूनतम करना है।

इन दोनों विशेष वाहनों को हर प्रकार की तकनीकी चुनौती से निपटने के लिए आधुनिक सुरक्षा उपकरणों (Safety Equipment) और आवश्यक टी एंड पी (T&P Kit) से सुसज्जित किया गया है। शहर में सही मायनों में 24×7 सेवाएं देने के लिए, इन वाहनों पर तैनात कर्मचारियों की टीम प्रतिदिन 8-8 घंटे की 3 शिफ्टों में कार्य करेगी। प्रत्येक शिफ्ट में सुपरवाइजर, लाइनमैन और हेल्पर सहित कुशल कर्मचारियों की टीम तत्पर रहेगी।

एचटी (HT) रखरखाव एवं ट्रांसफॉर्मर प्रतिस्थापनः हाई टेंशन (HT) लाइनों का मेंटेनेंस, ब्रेकडाउन सुधार, तथा आवश्यकता पड़ने पर ट्रांसफॉर्मर व क्रॉस आर्म (Cross Arm) को तुरंत बदलना। भूमिगत (Underground) एवं AB केबल फॉल्ट सुधारः अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से भूमिगत केबलों में आए फॉल्ट का त्वरित पता लगाना।

## बरसात से पहले नाला सफाई और जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त हो : मंत्री ए के शर्मा

# ‘विकास कार्यों को दें रफ्तार गुणवत्ता से न हो समझौता’

- बरसात से पहले नाला सफाई और जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त हो
- ट्रिपिंग की समस्या किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें

तमसा संकेत, संवाददाता



**सीएम ग्रिड व वैश्विक नगरोदय योजना से बनारस का हो आधुनिक और सुंदर विकास**
**कम लोड वाले उपभोक्ताओं के एक माह तक नहीं कटेंगे कनेक्शन, साथ ही रविवार एवं अन्य सार्वजनिक अवकाशों पर भी निगेटिव बैलेंस होने पर नहीं कटेंगे कनेक्शन**

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने अपने वाराणसी भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री श्री शर्मा ने शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

मंत्री श्री शर्मा ने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जलभराव की समस्या किसी भी स्थिति में उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नगर निगम एवं जलकल विभाग को समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने विद्युत ट्रिपिंग की समस्या पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वाराणसी के किसी भी क्षेत्र में ट्रिपिंग की समस्या स्वीकार्य नहीं है और इसे तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा।इसके अतिरिक्त मंत्री श्री शर्मा ने अंडर-ग्राउंड केबलिंग कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।



### सड़कों के किनारे इंटरलॉकिंग कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए

सड़क एवं शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने सड़कों के किनारे इंटरलॉकिंग कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे शहर की व्यवस्था और सुगमता दोनों में सुधार होगा।नगर विकास मंत्री ने सीएम ग्रिड योजना एवं वैश्विक नगरोदय योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि इन योजनाओं के माध्यम से वाराणसी के विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट दिखना चाहिए और बनारस को एक आधुनिक एवं व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जाए।

## चार पैकेज में बांटकर तेज हुआ निर्माण, समानांतर काम से समय-सीमा अनुपालन में मिली सफलता

# गंगा एक्सप्रेसवे: 594 किमी का मेगा कॉरिडोर लोकार्पण को तैयार

- योगी सरकार की रणनीति और यूपीडा की सख्त मॉनिटरिंग से चार हिस्सों में पूरा हुआ देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट
- पूर्वी-पश्चिमी यूपी को जोड़ेगा एक्सप्रेसवे, लॉजिस्टिक्स और उद्योग को मिलेगा जबरदस्त प्रोत्साहन
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई से देशवासियों को समर्पित करेंगे देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाली गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे देश को समर्पित करने जा रहे हैं। करीब 594 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे न केवल देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल है, बल्कि इसे योगी सरकार की रणनीतिक योजना और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के प्रभावी क्रियान्वयन का एक सफल उदाहरण भी माना जा रहा है। लगभग 37 हजार करोड़ की लागत वाले इस मेगा प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में विभाजित कर तेजी से आगे बढ़ाया गया। यही ‘मल्टी-पैकेज’ मॉडल इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ, जिसने इतने बड़े प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई।

**इस पूरी परियोजना की निगरानी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा की जा रही है, जिसने डिजाइन, निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण तीनों स्तरों पर सख्त मॉनिटरिंग सुनिश्चित की। नियमित समीक्षा, तकनीकी समन्वय और ग्राउंड लेवल पर मॉनिटरिंग के कारण प्रत्येक पैकेज में कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुरूप आगे बढ़ता रहा।**

**मल्टी-पैकेज मॉडल से मिली रफ्तार**

### रणनीतिक प्लानिंग से तेजी से बढ़ा काम

योगी सरकार ने महत्वपूर्ण रणनीति के साथ इस परियोजना को आगे बढ़ाया। इतने बड़े प्रोजेक्ट को एकल एजेंसी के बजाय कई हिस्सों में विभाजित कर दिया गया, जिससे एक साथ कई मोर्चों पर कार्य शुरू हो सका। चार पैकेज में विभाजन के बाद परियोजना न केवल गति से बढ़ी, बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई।

### चार पैकेज में विभाजन से मिली रफ्तार

गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को चार प्रमुख पैकेज में विभाजित कर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित किया गया। इस मॉडल के तहत प्रमुख डेवलपर्स और ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर्स को समानांतर रूप से काम करने का अवसर मिला, जिससे निर्माण कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई। पहले पैकेज की लंबाई 129.70 किमी रखी गई, जिसकी कुल लागत 9 हजार करोड़ से अधिक है। दूसरे पैकेज की लंबाई 151.70 किमी और कुल लागत लगभग 9 हजार करोड़ है। तीसरे पैकेज की लंबाई 155.70 किमी तथा कुल लागत लगभग 9 हजार करोड़ निर्धारित है। चौथे और सबसे लंबे पैकेज की लंबाई 156.847 किमी है, जिसकी कुल लागत लगभग 9.5 हजार करोड़ है।

## पैरामेडिकल कर्मचारी संगठनों की मैराथन बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 के महामंत्री अतुल मिश्रा ने सरकारी चिकित्सालय के महत्वपूर्ण सेवा देने वाले पैरामेडिकल संगठनों के पदाधिकारियों की मैराथन सार्थक बैठक (02 घण्टे) महानिदेशक के सभागार में हुई।

बैठक में सुरेश कुमार रावत अध्यक्ष, अतुल मिश्रा महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद,कमल श्रीवास्तव महामंत्री, एल0टी0 एसो0 उ0प्र0, राम मनोहर कुशवाहा अध्यक्ष महामंत्री दिलीप कुमार, एक्स-रे टेक्नीशियन एसो0 उ0प्र0, अनिल कुमार महामंत्री प्रोवेन्शियल फिजियोथेरेपिस्ट एसो0 उ0प्र0, डी0डी0 त्रिपाठी अध्यक्ष, राजीव तिवारी महामंत्री, डेन्टल हाइजेनिस्ट एसो0 उ0प्र0 एवं महानिदेशक स्वास्थ्य डा0 पवन कुमार अरूण एवं निदेशक डा0 संजू अग्रवाल संयुक्त निदेशक सुनील कुमार पैरामेडिकल उपस्थित थे।

बैठक में अतुल मिश्र महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सभी संगठनों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि सभी पैरामेडिकल कर्मचारियों के कैडर का पुनर्गठन ,वेतन विसंगति,जिला अस्पतालों को उच्चीकृत कर मेडिकल कालेज बनाने के कारण पद समाप्त किये गये, जिला चिकित्सालयों के कर्मचारियों को पद सहित अस्पतालों में समायोजित करना, रिक्त पदों पर नियुक्तियां एवं पदोन्नतियां, पदनाम परिवर्तन ,संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को नर्सेज/ए0एन0एम0 की भांति नियमित नियुक्तियों मे वेटेज देने पर समयबद्ध प्राथमिकता के आधार पर निर्णय करायें ।

**हड़कंप : किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा उपखनिजों का अवैध खनन व परिवहन- श्रीमती माला श्रीवास्तव**

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त एक्शन

- अवैध परिवहन पर शिकंजा, संयुक्त टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप
- खनन नियमों के उल्लंघन पर सख्ती, प्रवर्तन अभियान में बड़ी कार्रवाई
- उपखनिजों के अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई, रायबरेली से फतेहपुर , उन्नाव बॉर्डर तक विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित

तमसा संकेत, संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अवैध खनन, उपखनिजों के अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सचिव/निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश, श्रीमती माला श्रीवास्तव के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद रायबरेली क्षेत्र में एक विशेष आकस्मिक प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया।यह अभियान रायबरेली से उन्नाव बॉर्डर तथा फतेहपुर बॉर्डर तक चलाया गया, जिसमें निदेशालय स्तर से विशेष सचिव व अपर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग श्री अरुण कुमार के नेतृत्व में खान अधिकारी, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या एवं निदेशालय के



सहायक रसायनज्ञ की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच की गई। अभियान के दौरान उपखनिजों का परिवहन कर रहे वाहनों की गहन जांच की गई। जांच में कई वाहनों पर नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल लगभग 5,23,840 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्थापित आईओटी आधारित पीटीजेड ( घूमने और ज़ूम करने वाला स्मार्ट कैमरा एवं एएनपीआर (नंबर प्लेट पहचानने वाला ऑटोमैटिक सिस्टम) कैमरों से युक्त चेकगेट्स को 24×7 सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वाहनों की सतत निगरानी सुनिश्चित हो सके और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। सचिव/निदेशक ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर और प्रभावी ढंग से संचालित की जाए।

### किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी

सचिव/निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तर प्रदेश, श्रीमती माला श्रीवास्तव ने अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन केवल वैध आईएसटीपी (इन्टरस्टेट ट्रांजिट पास ) के साथ ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपदों में स्थित खनन क्षेत्रों पर ही स्रोत स्तर पर लोडिंग मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए, जिससे परिवहन के दौरान नियमों का उल्लंघन न हो।

# नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों के लिए दृढ़ संकल्पित सरकार : केशव मौर्य

### डबल इन्जन सरकार में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बरेली में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान कार्यक्रम में मातृशक्ति को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को 33% आरक्षण दिलाने के लिए सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 पारित कर देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसमें बाधा डालने का प्रयास किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि “नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान” के संकल्प के साथ यह संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने



**“ कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का उल्लेख करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि पंचायतों और नगर निकायों में आरक्षण के कारण ही आज महिलाएं नेतृत्वकारी भूमिकाओं में आ सकी हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को अवसर मिलता है तो वे हर क्षेत्र में असंभव को संभव कर दिखाती हैं।**

कहा कि कुछ दलों ने महिलाओं को आरक्षण देने के मुद्दे पर सकारात्मक सहयोग नहीं किया। डबल इन्जन सरकार में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि जनधन योजना के तहत करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते खोले गए, उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन दिए गए, आवास योजनाओं में बड़ी संख्या में मकान महिलाओं के नाम पर दिए गए तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

# कीटनाशक दुकानों पर छापेमारी

## 15 प्रतिष्ठानों की जांच, 4 विक्रेताओं को नोटिस

**अभियान**

- कई विभागों की संयुक्त टीम
- नियमों के पालन पर जोर
- अभियान आगे भी जारी रहेगा

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिले में शनिवार को प्रशासन की टीम ने कीटनाशक विक्रेताओं के खिलाफ आकस्मिक जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई शासन के निर्देशों के क्रम में की गई। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गठित टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित



दुकानों पर रसायनों का रख-रखाव सही तरीके से नहीं किया गया था। इसके अलावा स्टॉक रजिस्टर और बिक्री रजिस्टर अद्यतन नहीं मिले। कई स्थानों पर स्टॉक विवरण और रेट बोर्ड भी नहीं लगाए गए थे, जो नियमों के तहत अनिवार्य हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कृषि से जुड़े उत्पादों की बिक्री में पारदर्शिता और सुरक्षा जरूरी है। रसायनों का सही भंडारण और रिकॉर्ड रखना किसानों की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों के अनुसार जिले में इस तरह के निरीक्षण आगे भी किए जाएंगे। उद्देश्य है कि बाजार में बिक रहे कीटनाशकों की गुणवत्ता और बिक्री प्रक्रिया तय मानकों के अनुरूप रहे।

### 4 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस

छापेमारी में चार विक्रेताओं के यहां अनियमितताएं पाई गईं। अकबरपुर स्थित राम सीड कम्पनी और न्यू पूर्वांचल कृषि विकास एजेंसी, साथ ही जलालपुर के जतन सीड्स फार्म और यश ट्रेडिंग कम्पनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### 3 नमूने लिए गए

जांच के दौरान टीम ने कीटनाशकों के 3 नमूने संग्रहित किए। इन नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

> इस अभियान में उपायुक्त, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, उप कृषि निदेशक, जिला गन्ना अधिकारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए और सहायक प्रबंधक शामिल रहे। टीम ने समन्वित तरीके से कार्रवाई करते हुए कुल 15 प्रतिष्ठानों की जांच की।

# जिले में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए आवेदन शुरू

## 6 दिवसीय प्रशिक्षण के साथ मानदेय और टूलकिट का लाभ

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र ने जानकारी दी कि इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों की आजीविका को मजबूत करना है।

योजना में बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, कुम्हार, हलवाई और राजमिस्त्री जैसे पारंपरिक कार्य से जुड़े लोग आवेदन कर सकते हैं। चयनित आवेदकों को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित दर से मानदेय भी दिया जाएगा।

प्रशिक्षण पूरा होने पर लाभार्थियों को उनके ट्रेड से संबंधित आधुनिक टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी। इसका उद्देश्य कारीगरों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे अपने कार्य को बेहतर तरीके से कर सकें। इच्छुक आवेदक निर्धारित वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में किसी प्रकार की समस्या होने पर कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए और उसकी आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। किसी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की अनिवार्यता नहीं रखी गई है। आवेदक का पारंपरिक कारीगरी से जुड़ा होना जरूरी है।

योजना के तहत एक परिवार से केवल एक ही सदस्य आवेदन कर सकता है। जाति इस योजना में पात्रता का आधार नहीं है। गैर पारंपरिक जाति के आवेदकों को संबंधित कारीगरी से जुड़े होने का प्रमाण पत्र देना होगा।

आवेदन करते समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो, मोबाइल नंबर, जाति प्रमाण पत्र और अनुभव से संबंधित दस्तावेज देना आवश्यक होगा।

**फास्ट न्यूज**

### बंगाल हिंसा पर वसीम राईन का बड़ा बयान

बाराबंकी। पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा और संघर्ष की गूंज अब बाराबंकी तक पहुंच गई है। 'ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़' के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुई आगजनी और बमबाजी की घटनाओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी पसमांदा मुसलमानों के बदलते रुख और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के प्रति उनके बढ़ते रुझान से घबरा गई है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष की माता का निधन

अम्बेडकरनगर । जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा (साधू) की माता रोहणी वर्मा का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रोहणी वर्मा भसड़ा गांव की निवासी थीं। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ स्थानीय लोगों में भी शोक है। लंबे समय से वह परिवार की वरिष्ठ सदस्य के रूप में जानी जाती थीं। निधन की सूचना के बाद रिश्तेदार, परिचित और क्षेत्र के लोग शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचने लगे। कई लोगों ने उनके जीवन और व्यवहार को याद किया।

### गोरखपुर एयरपोर्ट को मिला 'चल वैजयंती शील्ड'

गोरखपुर। गोरखपुर एयरपोर्ट को "चल वैजयंती शील्ड" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ऑफिस वर्क, इंफॉर्मेशन सिस्टम और पैसेंजर सर्विस में हिन्दी के प्रभावी यूज के लिए वर्ष 2025 में पब्लिक सेक्टर कैटेगरी में फर्स्ट प्राइज प्राप्त करने पर मिला है। यह अवॉर्ड नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के आयोजन में दिया गया।

# अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र में दो दिन पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

## पटेलनगर, शास्त्रीनगर और गांधीनगर वार्ड प्रभावित

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। नगर पालिका परिषद अकबरपुर ने शहर के तीन वार्डों में पेयजल आपूर्ति बाधित रहने की सूचना जारी की है। पटेलनगर, शास्त्रीनगर और गांधीनगर वार्डों में 27 अप्रैल और 29 अप्रैल को पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी।

नगर पालिका के अनुसार पटेल-नगर पानी टंकी की मरम्मत 27 अप्रैल 2026 को की जाएगी। वहीं महानगर पंप का मरम्मत कार्य 29 अप्रैल 2026 को निर्धारित है।इन कार्यों के चलते जल आपूर्ति व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया जाएगा। निर्धारित तिथियों पर सुबह 05:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक जलापूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। इसके बाद शाम 05:00 बजे से रात 10:00 बजे तक जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि मरम्मत कार्य के दौरान तकनीकी कारणों से दिन में पानी की आपूर्ति संभव नहीं होगी।

नगर पालिका परिषद ने प्रभावित वार्डों के नागरिकों से अपील की है कि वे पहले से पानी संग्रह कर लें और आवश्यक उपयोग के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें।आवश्यक कार्यों के दौरान किसी तरह की असुविधा से बचने के लिए यह व्यवस्था की जा रही है।

अधिशासी अधिकारी विशाल सरस्वत ने बताया कि पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए मरम्मत कार्य जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्य पूरा होने के बाद सप्लाई व्यवस्था पहले की तरह सामान्य हो जाएगी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का एक दिवसीय दौरा

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से लेकर जिला कार्यालय तक कई कार्यक्रम तय

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी रविवार को एक दिवसीय दौरे पर अंबेडकरनगर पहुंचेंगे। इस दौरान वे संगठनात्मक बैठकों, स्वागत कार्यक्रमों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पूरा दौरा तय समय सारिणी के अनुसार संपन्न होगा।

10:55 बजे लोहिया भवन में स्वागत कार्यक्रम होगा।11:00 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके संयोजक जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव होंगे। इसके बाद 11:30 से 11:55 बजे तक पंकज चौधरी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और संगठन की गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। 11:55 बजे वे लोहिया भवन से प्रस्थान कर 12:05 बजे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचेंगे।



यहां 12:05 से 12:15 बजे तक जनप्रतिनिधियों के साथ चाय पर चर्चा होगी। इसके बाद 12:20 से 01:00 बजे तक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मोर्चा अध्यक्ष शामिल रहेंगे।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से शुरू होगा दौरा, जगह-जगह स्वागत

सुबह 10:00 बजे पंकज चौधरी का स्वागत 161 कट, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर किया जाएगा। यहां स्वागत कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे शामिल रहेंगे।इसके बाद 10:15 बजे गोहन्ना चौराहा पर पूर्व सांसद रितेश पांडे की ओर से स्वागत कार्यक्रम होगा। 10:30 बजे पटेल नगर तिराहा पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा माल्यार्पण और स्वागत करेंगे। 10:40 बजे उनका आगमन सर्किट हाउस में निर्धारित है।

# पंचायत चुनाव : मतदाता सूची प्रकाशन की तिथि बढ़ी

## अब 10 जून को जारी होगी अंतिम सूची

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की संशोधित अधिसूचना के अनुसार अब अंतिम मतदाता सूची 10 जून को प्रकाशित होगी। प्रशासन के अनुसार मतदाताओं की डुप्लीकेट सूची तैयार करने और कंप्यूटरीकरण का कार्य 28 मई तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद अन्य तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं शुरू होंगी।

कंप्यूटरीकरण के बाद 29 मई से 9 जून तक मतदान केंद्रों का क्रमांकन किया जाएगा। साथ ही मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन और एसवीएन आवंटन का कार्य होगा। इसी अवधि में मतदाता सूची की डाउनलोडिंग




और फोटो प्रतियां तैयार कराई जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में संशोधित कार्यक्रम का प्रदर्शन सुनिश्चित करें। सभी संबंधित स्थानों पर सूचना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान आने वाले सार्वजनिक अवकाश में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे। इससे प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो और तय समय पर कार्य पूरा किया जा सके।

### दुष्कर्म का आरोपी कोतवाली थाने से फरार

वाराणसी । वाराणसी के कोतवाली थाने से दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोपी युवक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। शुक्रवार को आरोपी युवक को पुलिस पकड़कर लाई थी। अब आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

युवती ने कहा- मैं कैटरिंग का कार्य करती थी। एक शादी में मुलाकात हुई जिसके बाद उसने मुझे काम दिलाया। इसके बाद कई बार होटल में ले जाकर शारीरिक शोषण किया। फिर हिंदू रीती-रिवाज से शादी की। बाद में पता चला उसका नाम अमित नहीं आफताब अंसारी है। जिसके बाद उस पर मुकदमा दर्ज करवाया है। वाराणसी की ही रहने वाली युवती ने धर्म छिपाकर शादी करने। एक महीने तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने सहित अन्य धाराओं में आफताब अंसारी उर्फ अमित निवासी रसूलपुर, हरहुआ, बड़ागांव पर पीड़िता ने तहरीर दी थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार दोपहर बाद उसे हिरासत में लिया था।

# कटेहरी ब्लॉक में लापरवाही उजागर

## तबादले के बाद भी नहीं बदली नेम प्लेट, उठे सवाल




तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। कटेहरी विकासखंड कार्यालय में प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। विकासखंड अधिकारी का तबादला होने के बाद भी कार्यालय की नेम प्लेट नहीं बदली गई है। जानकारी के अनुसार, नए बीडीओ राजेंद्र तिवारी ने पदभार ग्रहण कर लिया है, लेकिन मुख्य द्वार पर अब भी पुराने अधिकारी का नाम दर्ज है।

तबादला आदेश लागू होने के चार दिन बीत चुके हैं। इसके बावजूद कार्यालय परिसर में किसी प्रकार का बदलाव नहीं दिखा। नाम पट्ट पर पुराना नाम ही बना हुआ है। इससे स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। कार्यालय की इस स्थिति को लेकर लोगों में असंतोष है। एक स्थानीय निवासी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि तबादले के बाद भी नेम प्लेट नहीं हटाई गई। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बाराबंकी डीआईओएस को हटाने का आदेश

बाराबंकी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बाराबंकी के DIOS ओ.पी. त्रिपाठी को तत्काल पद से हटाने के आदेश दिए हैं। साथ ही पूरे मामले की जांच STF को सौंपी गई है। यह आदेश प्रबंधक सरदार आलोक सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने दिया। मामला सिटी इंटरमी-डिएट कॉलेज, बाराबंकी का है। यहां के सहायक अध्यापक (संस्कृत) अभय कुमार पर आरोप है कि उन्होंने प्रबंध समिति को बिना सूचना दिए छत्तीसगढ़ के बीजापुर स्थित एकलव्य विद्यालय में प्रवक्ता पद जॉइन कर लिया। आरोप है कि वहां से विधिवत कार्यमुक्त हुए बिना ही वे बाराबंकी लौट आए और DIOS व प्रधानाचार्य की मिलीभगत से दोबारा ज्वाइनिंग भी कर ली। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता आकाश दीक्षित ने कोर्ट में बताया कि शिक्षक छत्तीसगढ़ में तैनात रहते हुए भी बाराबंकी से वेतन ले रहे थे। DIOS कार्यालय ने अक्टूबर 2025 का वेतन भी जारी कर दिया, जबकि शिक्षक 14 नवंबर 2025 को वहां से कार्यमुक्त हुए थे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा : पहली पाली में 993 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

## 9 केंद्रों पर परीक्षा, दोनों पालियों में 5181 अभ्यर्थी शामिल

- दूसरी पाली में 930 ने छोड़ी परीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जनपद में शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। परीक्षा जिले के 9 केंद्रों पर दो पालियों में कराई गई। पूरे दिन परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था सामान्य और नियंत्रित रही।

पहले दिन दोनों पालियों को मिलाकर कुल 7104 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 5181 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1923 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा में उपस्थिति और अनुपस्थिति का अंतर स्पष्ट रूप से



देखने को मिला। प्रथम पाली में 3552 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें 2559 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 993 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।सुबह की पाली में उपस्थिति ठीक रही, लेकिन लगभग एक हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

द्वितीय पाली में भी 3552 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2622 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे, जबकि 930 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोपहर की पाली में भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा से दूर रहे।

9 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। किसी प्रकार की अव्यवस्था या बाधा की सूचना नहीं मिली। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की आवाजाही और परीक्षा संचालन सामान्य रूप से चलता रहा।

# तंबाकू नियंत्रण पर जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## उन्मूलन केंद्रों के प्रभावी संचालन पर बनी रणनीति

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP) के तहत जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय सभागार में हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला नोडल अधिकारी डॉ. यू.सी. यादव ने की।

कार्यशाला में वाइटल स्ट्रेटजी दिल्ली के डॉ. उपेंद्र सिंह भदौरिया, राज्य सलाहकार सतीश त्रिपाठी और तकनीकी सहयोग संस्था के अधिशासी निदेशक विवेक अवस्थी शामिल हुए। सभी विशेषज्ञों ने तंबाकू उन्मूलन केंद्रों की भूमिका और उनके संचालन को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की।

विशेषज्ञों ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य तेज करना होगा। केंद्रों पर आने वाले



लोगों को सही परामर्श और उपचार की सुविधा देना जरूरी है।

अध्यक्षता कर रहे डॉ. यू.सी. यादव ने केंद्रों की नियमित समीक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संचालन में सुधार से कार्यक्रम के परिणाम बेहतर होंगे। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

डॉ. सर्वेश कुमार ने जिले में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू उन्मूलन केंद्रों को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**आयोजन :** डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

# अकबरपुर कोतवाली में थाना समाधान दिवस आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । शनिवार को अकबरपुर कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के द्वितीय और चतुर्थ शनिवार को आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण करना है।

राजस्व से जुड़े मामलों पर जिलाधिकारी ने खास जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करे। दोनों पक्षों की उपस्थिति में विवाद का स्थायी समाधान



सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान कुछ शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया गया। इससे लोगों को राहत मिली और प्रशासन के प्रति भरोसा बढ़ा। बाकी मामलों को संबंधित विभागों को सौंपकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, क्षेत्राधिकारी पुलिस नीतीश कुमार तिवारी, खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर विशाल सारस्वत सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

> जिलाधिकारी ने साफ कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सभी मामलों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निपटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समाधान की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### डीएम और एसपी ने खुद सुनी फरियाद

थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह भी मौजूद रहीं। दोनों अधिकारियों ने मौके पर पहुंचे लोगों की शिकायतों को एक-एक कर सुना। हर मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# महरुआ में बड़ी चोरी, 10 लाख के आभूषण पार

## गृहस्वामी को कमरे में बंद कर वारदात

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । महरुआ थाना क्षेत्र के हरिनाथपुर लोढ़वा गांव में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। शुक्रवार रात घर में घुसकर चोरों ने करीब 10 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। जानकारी के अनुसार चोर छत के रोशनदान और सीढ़ी के दरवाजे का ताला काटकर अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने गृहस्वामी मनोज कुमार सिंह के कमरे को बाहर से बंद कर दिया। इससे वह बाहर नहीं निकल सके और चोरों को पूरे घर में तलाश करने का समय मिल गया। चोरों ने घर के बॉक्स, सूटकेस, अलमारी और अटैची को खंगाल दिया। सामान को बाहर निकालकर इधर-उधर बिखेर दिया। घर के अन्य सदस्य अलग-अलग कमरों में सोते



रहे और उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। रात करीब साढ़े तीन बजे मनोज कुमार सिंह उठे तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। उन्होंने अपनी मां को आवाज देकर दरवाजा खुलवाया। बाहर निकलने पर घर के मुख्य कमरे का दरवाजा खुला मिला और सामान बिखरा देखा। इसके बाद अन्य कमरों की भी जांच की गई, जहां अव्यवस्था मिली। पीड़ित के अनुसार चोर करीब 10 लाख रुपये के आभूषण लेकर फरार हो गए। मामले में महरुआ थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सम्पादकीय

## टूटी हुई आम आदमी पार्टी



राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल समेत आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में जाने का उपक्रम इस दल और साथ ही राष्ट्रीय संयोजक के रूप में उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका है। आप के इन तीन राज्यसभा सदस्यों के अतिरिक्त क्रिकेटर हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल का अभी भाजपा में शामिल होना शेष है, पर पार्टी से अलग होने की उनकी सहमति यही बता रही कि अब औपचारिकता ही शेष है।

आप के कुल दस राज्यसभा सदस्यों में से जो सात सदस्य टूटे, उनमें राघव चड्ढा को हाल में राज्यसभा के उपनेता पद से हटाया गया था। इसके बाद यह साफ हो गया था कि स्वाति मालीवाल की तरह उनका भी पार्टी में कोई भविष्य नहीं, लेकिन इस पर हैरानी है कि राघव चड्ढा की जगह राज्यसभा में उपनेता बनाए गए अशोक मित्तल ने भी केजरीवाल का साथ छोड़ दिया। इनके यहां कुछ दिनों पहले ईडी ने छापेमारी की थी। आप नेता कह सकते हैं कि उनके दल त्याग के पीछे इस छापेमारी की भूमिका रही, पर उनके साथ संदीप पाठक का पार्टी छोड़ना बहुत ही आश्चर्यजनक है। वे केजरीवाल के भरोसेमंद साथी थे और उनकी गिनती पार्टी के रणनीतिकारों में भी होती थी। इन सात सांसदों की टूट का असर राष्ट्रीय स्तर पर हो सकता है, लेकिन वह शायद सबसे अधिक पंजाब में दिखेगा।

यह पहली बार नहीं, जब आप के ऐसे नेताओं ने पार्टी छोड़ी हो या फिर उन्हें बाहर जाने को बाध्य किया गया हो, जो केजरीवाल के उन दिनों के साथी रहे, जब पार्टी का गठन भी नहीं हुआ था। प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, आनंद कुमार, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास, मयंक गांधी, राघव चड्ढा, स्वाति मालीवाल जैसे न जाने कितने ऐसे नेता हैं, जिन्होंने केजरीवाल का साथ छोड़ा या फिर उन्हें जबरन किनारे किया गया। इनमें से कई आप के संस्थापक सदस्य थे। इसका सीधा अर्थ है कि समस्या केजरीवाल के नेतृत्व और उनकी रीति-नीति में है।

केजरीवाल और उनके साथियों के लिए यह कहना तो आसान है कि भाजपा ने कथित आपरेशन कमल के जरिये उसके सांसदों को तोड़ लिया, पर अच्छा होगा कि वे इस पर आत्मचिंतन करें कि उनके घनिष्ठ सहयोगी एक-एक करके उनका साथ क्यों छोड़ रहे हैं?

यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं कि आप ने अपने उदय के साथ नई तरह की और साफ-सुथरी राजनीति करने का जो वादा किया था, वह न जाने कहां गुम हो गया। समय के साथ पार्टी की प्राथमिकताएं बदल गईं और उसने जो आशाएं जगाई थीं, वे भी विलीन हो गईं। निःसंदेह वह दिल्ली के बाद पंजाब में भी सरकार बनाने में सफल रही और फिर राष्ट्रीय दल का दर्जा पाने में भी, पर इसी के साथ उसकी छवि अन्य दलों सरीखी हो गई। अब उसका ग्राफ गिरता दिखे तो हैरानी नहीं।


## मोसाद के एम सीक्रेट एजेंट को इजरायल की खामोश बिदाई

दुनिया की सबसे बड़ी इजरायल की जासूसी एजेंसी 'मोसाद' के काम करने का तरीका हमेशा एक राज रहा है। कुछ समय पहले ही इजरायल ने अपने एक ऐसे ही जाबांज एजेंट की कहानी से पर्दा उठाया है, जिसने अपनी पूरी जिंदगी देश की सुरक्षा के लिए अंधेरे में रहकर काम किया। मई 2023 में इटली में एक नाव हादसे के दौरान इस एजेंट की जान चली गई थी। बताया जा रहा है कि यह एजेंट कोई साधारण व्यक्ति नहीं था, बल्कि ईरान के खतरनाक मंसूबों को रोकने में इजरायल का सबसे बड़ा हथियार था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस एजेंट की वजह से ही इजरायल को ईरान के खिलाफ चल रही गुप्त जंग में बड़ी कामयाबी मिली थी। एजेंट 'एम' का असली नाम आज भी एक गहरा राज बना हुआ है। इजरायल की सरकार और मोसाद ने कभी भी उनकी पहचान को पूरी तरह नहीं खोला। इटली की मीडिया ने उन्हें 'एरेज शिमोनी' नाम दिया था, लेकिन माना जाता है कि यह उनकी असली पहचान छिपाने के लिए एक नकली नाम था। उन्होंने मोसाद में लगभग 30 साल तक अपनी सेवा दी और इजरायल की सबसे मजबूत दीवार बने रहे। जानकारी के अनुसार वह स्वभाव से बहुत ही शांत और नेक इंसान थे। उनके दोस्तों और साथियों का कहना है कि वह हर किसी से बहुत प्यार से मिलते थे और बड़ों से लेकर बच्चों तक, सबकी भाषा समझते थे। वह दुनिया की नजरों में एक साधारण इंसान थे, लेकिन असल में वह इजरायल के सबसे बड़े रक्षक थे। उनकी मृत्यु के बाद जब उन्हें विदा किया गया, तो मोसाद के बड़े अधिकारियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए टोपी और मास्क लगाकर उन्हें अंतिम सलाम दिया।

**– रामस्वरूप रावतसरे**

# भारतीय ज्ञान-संपदा और वैश्विक नवाचार के बीच संवाद





> यदि विश्व के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो पश्चिमी देशों ने आधुनिक बौद्धिक संपदा व्यवस्था को संगठित रूप प्रदान किया। यूरोप और अमेरिका ने पेटेंट, प्रतिलिप्यधिकार और व्यापार चिह्नों के माध्यम से नवाचार को उद्योग से जोड़ा।

प्रतिवर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व बौद्धिक संपदा दिवस केवल किसी कानूनी अधिकार की औपचारिक स्मृति नहीं है, बल्कि यह मानव मस्तिष्क की उस सृजनशील शक्ति का उत्सव है जिसने सभ्यता को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर किया। इस वर्ष का विषय खेल और बौद्धिक संपदा को जोड़ते हुए यह संदेश देता है कि सृजन, परिश्रम और संरक्षण-ये तीनों मिलकर विकास की नई दिशा निर्मित करते हैं। आज जब संसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-प्रौद्योगिकी, डिजिटल माध्यम और अंतरिक्ष अनुसंधान के युग में प्रवेश कर चुका है, तब बौद्धिक संपदा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। किसी राष्ट्र की शक्ति अब केवल उसकी भौतिक संपदा से नहीं, बल्कि उसकी वैचारिक क्षमता, अनुसंधान परंपरा और ज्ञान के संरक्षण से भी मापी जाने लगी है। बौद्धिक संपदा का अर्थ है मनुष्य के मस्तिष्क से उत्पन्न वह मौलिक रचना जो समाज को नया विचार, नया उपकरण, नई कला, नई तकनीक या नई दिशा प्रदान करे। साहित्य, संगीत, वैज्ञानिक खोज, औषधि, तकनीकी आविष्कार, औद्योगिक रचना और विशिष्ट परंपरागत ज्ञान-ये सब बौद्धिक संपदा के अंतर्गत आते हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी सर्जक की रचना का अनुचित उपयोग न हो और उसके श्रम को उचित सम्मान तथा संरक्षण मिले। यह संरक्षण केवल व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के आत्मविश्वास और आर्थिक प्रगति के लिए भी आवश्यक है। वहां विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के बीच समन्वय ने ज्ञान को आर्थिक शक्ति में परिवर्तित किया। औद्योगिक क्रांति से लेकर डिजिटल क्रांति तक अनेक आविष्कारों ने विश्व की दिशा बदली। कंप्यूटर, इंटरनेट, जैव चिकित्सा और संचार क्रांति का आधार भी इसी संरक्षित बौद्धिक संपदा प्रणाली में निहित रहा। इन देशों ने यह समझ लिया कि भविष्य की समृद्धि केवल भूमि और खनिजों में नहीं, बल्कि विचारों की मौलिकता में छिपी है। किन्तु भारत की बौद्धिक परंपरा इससे कहीं अधिक प्राचीन और गहरी रही है। भारत ने संसार को केवल वस्तुएँ नहीं दीं, बल्कि जीवन-दृष्टि दी है। जब अनेक सभ्यताएँ अस्तित्व की खोज में थीं, तब भारत वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, योग, गणित, ज्योतिष, दर्शन और व्याकरण के माध्यम से ज्ञान के उच्च शिखर पर खड़ा था। शून्य का सिद्धांत, दशमलव पद्धति, धातु विज्ञान, शल्य चिकित्सा, योग-साधना और प्रकृति के साथ संतुलित जीवन की अवधारणा भारतीय मनीषा की देन हैं। आर्यभट्ट, चरक, सुश्रुत, पाणिनि और पतंजलि जैसे महापुरुषों ने ऐसे ज्ञान-स्रोत दिए जिनसे विश्व आज भी प्रेरणा लेता है। यह भारतीय बौद्धिक संपदा का वह स्वरूप है जो किसी दस्तावेज में पंजीकृत नहीं था, फिर भी मानवता की चेतना में अंकित रहा। विश्व की आधुनिक बौद्धिक संपदा मुख्यतः व्यक्तिगत स्वामित्व पर आधारित है, जबकि भारतीय ज्ञान परंपरा सामूहिक कल्याण पर आधारित रही है। भारत में ज्ञान को व्यापार नहीं, साधना माना गया। यहां ऋषियों ने अपने अनुभवों को मानवता के लिए मुक्त रखा। "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की भावना में ज्ञान का उद्देश्य निजी लाभ नहीं, लोकमंगल था। यही कारण है कि भारतीय बौद्धिक संपदा का स्वरूप नैतिकता और आध्यात्मिकता से जुड़ा रहा। पश्चिम ने ज्ञान को संरक्षित कर समृद्धि अर्जित की, जबकि भारत ने ज्ञान को साझा कर संस्कृति अर्जित की। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी इस प्राचीन परंपरा को आधुनिक संरक्षण व्यवस्था से जोड़े ताकि उसका पारंपरिक ज्ञान वैश्विक बाजार में शोषण का शिकार न हो। हल्दी, नीम और बासमती जैसे उदाहरण इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। कभी विदेशी संस्थानों ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर अधिकार स्थापित करने का प्रयास किया, किंतु भारत ने प्रमाण देकर सिद्ध किया कि यह ज्ञान उसकी सांस्कृतिक धरोहर है। इसके बाद भारत ने पारंपरिक ज्ञान डिजिटल पुस्तकालय जैसी पहल कर यह दिखाया कि अपनी बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक साधनों का उपयोग कितना आवश्यक है। यह केवल अधिकार की रक्षा नहीं थी, बल्कि अपनी सभ्यता के सम्मान की रक्षा भी थी। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में बौद्धिक संपदा का प्रश्न और जटिल हो गया है। मशीनें चित्र बना रही हैं, लेख लिख रही हैं, संगीत रच रही हैं और निर्णय प्रक्रिया में भाग ले रही हैं। ऐसे समय में यह प्रश्न उठ रहा है कि सर्जक कौन है-मनुष्य या मशीन? यदि किसी कृत्रिम प्रणाली ने कोई नई खोज की तो उसका अधिकार किसे मिलेगा? यह चुनौती केवल कानून की नहीं, बल्कि दर्शन की भी है। भारत जैसे देश के लिए यह अवसर भी है क्योंकि यहां मानव-केंद्रित ज्ञान परंपरा है। भारत आधुनिक तकनीक को मानवीय मूल्यों से जोड़कर बौद्धिक संपदा की नई दिशा दे सकता है। भारत आज नवाचार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। युवा उद्यमिता, अंतरिक्ष विज्ञान, औषधि निर्माण, डिजिटल भुगतान प्रणाली और ग्रामीण तकनीक के क्षेत्रों में भारत ने विश्व को चकित किया है। चंद्रयान और गगनयान जैसे अभियानों ने यह सिद्ध किया है कि सीमित संसाधनों में भी मौलिक बुद्धि चमत्कार कर सकती है। भारतीय औषधि उद्योग ने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के समय सस्ती दवाओं और टीकों के माध्यम से विश्व का विश्वास जीता। यह केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय बौद्धिक क्षमता का वैश्विक प्रमाण है। फिर भी भारत को अभी लंबा मार्ग तय करना है। विश्व के विकसित देशों की तुलना में अनुसंधान निवेश, पेटेंट आवेदन, विश्वविद्यालय-उद्योग सहयोग और कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में भारत को और सशक्त होना होगा। हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं, किंतु संरक्षण और प्रोत्साहन की व्यवस्था अभी पूर्ण नहीं है। अनेक युवा अपने विचारों को सुरक्षित कराने की प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं।

**ललित गर्ग**

## इन सांसदों के इस्तीफे...

अशोक भाटिया

# क्या आप सांसदों की बगावत के बाद पंजाब सरकार की बारी है ?



गिरगिट भी शरमा जाए जिस रफ्तार से केजरीवाल ने अपने आदर्श बदले हैं। कल तक जो नेता इनके दांये बांये खड़े होकर कसीदे पढ़ते थे आज वही इन्हें बीच मझधार में छोड़कर भाग रहे हैं। सत्ता के लालच में बना यह कुनबा अब पूरी तरह बिखर चुका है और केजरीवाल की हैसियत अब उस सेनापति जैसी हो गई है जिसकी सेना ही उसे गद्दार मानकर मैदान छोड़ चुकी है।

बहरहाल आम आदमी पार्टी को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा में आप के 10 सांसदों में से राघव चड्ढा समेत सात सांसदों ने बीजेपी में विलय कर लिया है। इस कदम के बाद राज्यसभा में अब आप के केवल तीन सदस्य बचे हैं। इसके अलावा पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले आप में इतनी बड़ी टूट आम आदमी पार्टी के लिए बड़ी परेशानी साबित हो सकती है। हालांकि माना जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल को पहले ही अंदेशा था पार्टी के भीतर कुछ लोग खुश नहीं है। यही वजह है कि उन्होंने इन लोगों को अपने घर मिलने के लिए बुलाया था।

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया है कि केजरीवाल ने सांसदों से कहा था कि अगर उन्हें किसी भी बात की आशंका है तो आप अपने पदों से इस्तीफा दे दें और आपको अगले कार्यकाल तक फिर टिकट दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक केजरीवाल ने इसी सिलसिले में बात करने के लिए इन सांसदों को अपने घर मीटिंग के लिए बुलाया था लेकिन सांसदों ने पहले ही बीजेपी में विलय का ऐलान कर दिया और ये मीटिंग कभी हो ही नहीं सकी। केजरीवाल को इस बात की भनक नहीं थी कि ये सांसद पहले ही बीजेपी में जाने का मन बना चुके हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, इन सांसदों ने मिलकर पार्टी छोड़ने की कोई योजना नहीं बनाई थी बल्कि सभी ने व्यक्तिगत रूप से फैसला लिया था। जब आप ने राघव चड्ढा की जगह अशोक मित्तल को डिप्टी लीडर पद के लिए चुना तभी राघव चड्ढा ने सांसदों से संपर्क किया और उनसे बातचीत की। इसी दौरान अशोक मित्तल ने भी आम आदमी पार्टी छोड़ने का मन बना लिया।

इन सांसदों के इस्तीफे की जानकारी मध्य दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में जल्दबाजी में बुलाई गई प्रेसवार्ता में दी गई, जिसके कारण कई लोग हैरान रह गए। इसके बाद 'आप' के प्रमुख केजरीवाल ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात किया है, जबकि राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी छोड़ने वाले सातों सांसदों को गद्दार करार दिया। वहीं भाजपा ने सांसदों का गर्मजोशी से स्वागत किया और पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने उन्हें मिठाई खिलाई। नवीन ने इसके तुरंत बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज पार्टी मुख्यालय में राघव चड्ढा जी, संदीप पाठक जी और अशोक मित्तल जी का भाजपा परिवार में स्वागत किया। साथ ही, हरभजन सिंह जी, स्वाति मालीवाल जी, विक्रम साहनी जी और राजेंद्र गुप्ता जी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर काम करने के लिए शुभकामनाएं।

इससे पहले राघव चड्ढा ने कहा, जिस आम आदमी पार्टी को मैंने अपने खून-पसीने से सींचा, अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और नैतिकता से पूरी तरह भटक गई है। हाल ही में चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया और उनकी जगह मित्तल को नियुक्त किया गया था।


उन्होंने पार्टी के 10 सांसदों को लेकर कहा, संविधान के अनुसार, किसी पार्टी के कुल सांसदों में से दो-तिहाई सांसद दूसरी पार्टी में शामिल हो सकते हैं। चड्ढा ने कहा, उन्होंने (सांसदों) पहले ही हस्ताक्षर कर दिए थे, और आज सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्रों और अन्य औपचारिक दस्तावेजों समेत सभी आवश्यक दस्तावेज सौंप दिए। आप के राष्ट्रीय महासचिव रहे पाठक ने भी कहा कि पार्टी उन सिद्धांतों से भटक गई है जिनपर इसकी स्थापना हुई थी।

सात सांसदों में से चड्ढा, पाठक, मित्तल, राजेंद्र गुप्ता, विक्रम साहनी और हरभजन सिंह समेत छह सांसद पंजाब जबकि स्वाति मालीवाल दिल्ली से हैं।

## संस्था के...

डॉ0 मत्स्येन्द्र प्रभाकर

# वैश्विक शान्ति की आवश्यकता मीडिया की भूमिका



आज की दुनिया में युद्ध, आतंकवाद, पर्यावरण संकट और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियों ने वैश्विक शान्ति को अभूतपूर्व खतरे में डाल दिया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, विश्व में प्रतिवर्ष लाखों लोग हिंसा का शिकार होते हैं, जबकि आर्थिक असमानता और मानसिक तनाव समाज को खोखला कर रहे हैं। 'ब्रह्मा कुमारीज' के दृष्टि-दर्शन में शान्ति केवल बाहरी संघर्ष-समाधान नहीं, अपितु आत्मिक शुद्धता और ईश्वरीय जागरण का परिणाम है। इस अतुलनीय आध्यात्मिक परिवार के संस्थापक ब्रह्मा बाबा ने कहा था, ₹शान्ति ही सच्ची सम्पत्ति है।₹ यह दर्शन मीडिया को एक शक्तिशाली साधन के रूप में देखता है, जो नकारात्मकता के बजाय सकारात्मक चेतना का प्रसार कर वैश्विक शान्ति की नींव रख सकता है।

ब्रह्मा कुमारीज का दर्शन राजयोग पर आधारित है, जो आत्मा को शुद्ध कर ईश्वर से जोड़ता है। इस दृष्टि में वैश्विक शान्ति की आवश्यकता इसलिए अनिवार्य है क्योंकि मानव चेतना प्रदूषित हो चुकी है। प्राचीन काल में 'सतयुग' जैसी शान्तिपूर्ण अवस्था थी, जहाँ आत्माएँ स्वाभाविक रूप से शुद्ध और सुखी थीं। आज 'कलियुग' में विकारों—क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार—का बोलबाला है, जो युद्धों और अशान्ति का मूल कारण हैं। दादा भगवान (ईश्वर) के अवतरण से ही चेतना परिवर्तन सम्भव है। मीडिया इस परिवर्तन का माध्यम बन सकता है, यदि वह ब्रह्मा कुमारीज के सात दिव्य गुणों—शान्ति, प्रेम, शुद्धता, ज्ञान, त्याग, सत्य और आनन्द—का प्रचार करे।

**वैश्विक शान्ति की अनिवार्यता :**

वैश्विक शान्ति केवल राजनीतिक सन्धियों से नहीं आती; यह आन्तरिक शान्ति से उपजती है। ब्रह्मा कुमारीज के अनुसार, विश्व एक 'चेतना का परिवार' है। यूक्रेन-रूस युद्ध, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष या जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाएँ दर्शाती हैं कि बिना आध्यात्मिक जागरण के शान्ति असम्भव है। संस्था के लाखों अनुयायी विश्व स्तर पर 'विश्व शान्ति संकल्प दिवस' मनाते हैं, जो सिद्ध करता है कि सामूहिक चिन्तन शान्ति ला सकता है। मीडिया की भूमिका यहाँ महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह 24x7 सूचनाओं का स्रोत है। सोशल मीडिया पर 5 अरब से अधिक उपयोगकर्ता हैं, जो दैनिक 500 घण्टे वीडियो देखते हैं। यदि मीडिया नकारात्मक खबरों (जो 90% कवरेज लेती हैं) के बजाय शान्ति-प्रेरक कहानियाँ दिखाए, तो चेतना परिवर्तन तीव्र होगा।

**मीडिया की पारम्परिक भूमिका और चुनौतियाँ :**


परम्परागत मीडिया—समाचार चैनल, अखबार, रेडियो—की भूमिका सूचना प्रदान करने तक सीमित रही है। लेकिन 'फेक न्यूज' और 'सनसनीखेज पत्रकारिता' ने इसे विभाजनकारी बना दिया। 'ब्रह्मा कुमारीज' की दृष्टि में मीडिया 'चेतना का दर्पण' है। यदि पत्रकार स्वयं राजयोग से शुद्ध हों, तो वे सत्यपूर्ण रिपोर्टिंग करेंगे।

## जरा हटके

## गोवंश संरक्षण के...

निधि वर्मा

# निराश्रित गोवंश संरक्षण



उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व एवं कुशल दिशा-निर्देशन में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में भारतीय संस्कृति की आस्था के प्रतीक गौवंश के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य राज्य सरकार द्वारा किये गये हैं। पूर्ववर्ती सरकारों के समय उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश की समस्या लंबे समय तक किसानों, ग्रामीण समाज और शहरी जीवन के लिए एक गंभीर चुनौती बनी रही। खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान, सड़कों पर दुर्घटनाओं का खतरा और पशुओं की दयनीय स्थिति को केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना से जुड़े मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए प्रदेश में गोवंश संवर्धन तथा निराश्रित बेसहारा छुट्टा गोवंश के संरक्षण एवं भरण-पोषण के उद्देश्य से निराश्रित गोवंश संरक्षण नीति-2019 का प्राख्यापन कर समस्त निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य प्रथम बार किया गया है। आज यह नीति जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रही है। गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है और इस हेतु प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 6,433 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 518 वृहद गो संरक्षण केंद्र और 253 कांजी हाउस संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों में 323 कान्हा गो आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार पूरे प्रदेश में कुल 7,527 गो आश्रय स्थलों का एक सुदृढ़ नेटवर्क विकसित किया गया है, जिसमें लगभग 12.39 लाख निराश्रित गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा प्रति गोवंश प्रतिदिन 50 रूपये की धनराशि दी जा रही है। प्रदेश सरकार ने गोवंश की चुनौती को व्यापक स्तर पर स्वीकार करते हुए ठोस व्यवस्थाओं का विकास करके गौवंश संरक्षण किया है।

गो आश्रय स्थलों के संचालन और गोवंश के भरण-पोषण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिदिन लगभग 7.50 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जा रही है। यह व्यय पशु संरक्षण, किसान सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक दीर्घकालिक निवेश है। सरकार की यह प्रतिबद्धता स्पष्ट करती है कि गोवंश संरक्षण को एक मानवीय और सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में प्राथमिकता दी जा रही है।

इस अभियान का एक महत्वपूर्ण स्तंभ "मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजना" है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1,14,481 इच्छुक लाभार्थियों को 1,83,389 निराश्रित गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। इससे गोवंश को स्थायी आश्रय मिलने के साथ-साथ पशुपालकों की आय में भी वृद्धि हो रही है। गोवंश संरक्षण हेतु सेन्ट्रल प्रोजेक्ट मानिटरिंग यूनिट की स्थापना की गयी है, जिससे निराश्रित गोवंश आदि का अनुश्रवण किया जा रहा है एवं डी०बी०टी० के माध्यम से भरण पोषण की धनराशि सीधे गो आश्रय स्थलों को तथा सहभागियों के खाते में अन्तरित की जा रही है। यह योजना आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के निर्माण की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है, जिसमें संरक्षण और आजीविका-दोनों का संतुलन दिखाई देता है। प्रदेश में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण को भी प्राथमिकता दी गई है। अब तक 630 वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिनमें से 539 केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है और 518 केंद्रों को क्रियाशील किया जा चुका है। प्रत्येक वृहद गो संरक्षण केंद्र में लगभग 400 गोवंश को रखने की क्षमता निर्धारित की गई है, तथा प्रति केंद्र निर्माण लागत लगभग 160.12 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण हेतु 100.00 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर कार्य कर रही है।

गोवंश संरक्षण के इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब कृषि क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। गो आश्रय स्थलों में पशुओं के व्यवस्थित संरक्षण के कारण खेतों में फसलों को होने वाले नुकसान में भारी कमी आई है। गो आश्रय स्थलों से निकलने वाले गोबर का उपयोग खाद का उपयोग करके प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और प्रदेश में अन्न उत्पादन में भी निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यह पहल किसानों के लिए राहत का एक मजबूत आधार बनकर उभरी है। गोवंश के भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए "भूसा-संग्रहण अभियान" एक महत्वपूर्ण कदम है। 15 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक चलाए जा रहे इस अभियान के तहत 60.99 लाख कुंतल भूसा संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक दान के माध्यम से 0.598 लाख कुंतल तथा क्रय के माध्यम से 5.02 लाख कुंतल भूसा संग्रहित किया जा चुका है। यह अभियान न केवल चारे की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि समाज में सहयोग और सहभागिता की भावना को भी सुदृढ़ कर रहा है। इसके साथ ही, गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को नियमित रूप से हरा चारा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चारागाह भूमि का विकास भी किया जा रहा है। प्रदेश में उपलब्ध 61,118.85 हेक्टेयर गोचर/चारागाह भूमि में से 11,834.50 हेक्टेयर भूमि को 7,339 गो आश्रय स्थलों से संबद्ध किया गया है। अब तक 7,364.03 हेक्टेयर भूमि पर हरे चारे की बुवाई की जा चुकी है। यह प्रयास गोवंश के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के साथ-साथ आश्रय स्थलों की आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा दे रहा है। सरकार का दृष्टिकोण केवल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि गो आश्रय स्थलों को आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। पशुपालन विभाग द्वारा गो आश्रय स्थलों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से गोबर पेंट, गो दीप, धूपबत्ती, गो लठा, गोबर के गमले, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैविक उत्पाद इकाइयों की स्थापना की जा रही है। इन इकाइयों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आय और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी इस पहल को और अधिक सशक्त बना रही है।

# भीषण गर्मी में काशी के घाटों पर सन्नाटा

**अलर्ट**

## 60 जिलों में लू चल रही, सड़कों पर पानी का छिड़काव, कल से बदलेगा यूपी का मौसम

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, आगरा, गोरखपुर । यूपी में पिछले 10 दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में प्रयागराज देश का सबसे गर्म जिला रहा। यहां तापमान 45.2C रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा काशी, हमीरपुर और आगरा का पारा भी 44 डिग्री के पार चला गया। मौसम विभाग के मुताबिक आज 60 जिलों में लू चल रही है। लोग चेहरा ढककर और छाता लेकर ही घर से निकल रहे हैं। काशी में घाटों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। घाटों पर पर्यटकों के न आने के चलते नाविकों ने सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालन बंद कर दिया है। लू से राहत दिलाने के लिए सिग्नल पर रुकने वाले यात्रियों के लिए ग्रीन नेट लगाई गई है। आगरा



और कानपुर में सड़कों पर नगर निगम पानी की बौछारें डाल रहा है, ताकि राहगीरों को दिक्कत न हो।

गर्मी का असर जानवरों पर भी पड़ रहा है। गोरखपुर चिड़ियाघर में दरियाई घोड़ा पानी से बाहर नहीं निकल रहा है। कानपुर में गर्मी ने 18 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.7C दर्ज किया गया। इससे पहले, 2008 में अप्रैल में तापमान 41.6 डिग्री तक पहुंचा था। मौसम विभाग ने सलाह दी है कि दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें। 21 जिलों में वार्म नाइट का अलर्ट है, यानी रातें भी गर्म रहेंगी। मौसम विभाग का कहना है कि कल यानी रविवार से मौसम में बदलाव होगा।

वाराणसी में दोपहर के वक्त घाटों पर सन्नाटा पसर गया है। घाटों पर पर्यटकों के न आने के चलते नाविकों ने सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालन बंद कर दिया है। लोग छाता लेकर बाहर निकल रहे हैं।

### कानपुर में भीषण गर्मी, लोग नारियल पानी और गन्ने का जूस पी रहे

आगरा में सुबह से तपिश हो गई है। यहां सड़कों पर नगर निगम पानी की बौछारें डाल रहा हैं। ताकि राहगीरों को दिक्कत न हो। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है दोपहर को पारा 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। 26 अप्रैल से आगरा में मौसम पलटेगा। 26 से 30 अप्रैल तक बूंदाबांदी और बादल छाए रहने की संभावना जताई है। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

### वाराणसी देश का पांचवां सबसे गर्म शहर

वाराणसी में सुबह का तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार यह देश का पांचवां ऐसा शहर है, जहां इतनी गर्मी पड़ रही है। इस समय हवा की रफ्तार 3 किलोमीटर प्रति घंटा है। AQI 113 पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका केंद्र महाराष्ट्र रहेगा। इसका असर पूर्वांचल और पश्चिमी जिलों में देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मई के पहले सप्ताह में पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है।



वाराणसी में दोपहर में कम ही लोग सड़कों पर भीड़ कम है। ज्यादातर लोग छाता लेकर बाहर निकल रहे हैं।

### गाजियाबाद में सुबह का पारा 28 डिग्री, कल से बदलेगा मौसम

गाजियाबाद में सुबह से तेज धूप खिली है। आज सुबह न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। दिन में अधिकतम तापमान 41 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है। आज हवा की गति 8 किलोमीटर प्रति घंटा है। मौसम विभाग के अनुसार 26 अप्रैल से गाजियाबाद और आसपास के जिलों में फिर मौसम बदलने का अनुमान है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा : डीएम एसएसपी ने किया निरीक्षण

## 17 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से हुई परीक्षा

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित होमगाड्र्स इनरोलमेंट-2025 परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न और नकल विहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सेठ बी.एन. पोद्दार इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम का जायजा लिया। कंट्रोल रूम से सभी कक्षों में चल रही परीक्षा की निगरानी की गई। डीएम ने बायोमेट्रिक स्टाफ को निर्देश दिए कि सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, बढ़ती गर्मी को देखते हुए अभ्यर्थियों के लिए पेयजल की



समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा केंद्र के आसपास सतर्क निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। जनपद के 17 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रत्येक पाली में 7104 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हो रही है।

**फास्ट न्यूज**

### जमानिया तहसील में साइकिल स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली

जमानियां। जमानिया तहसील परिसर में 'साइकिल स्टैंड' के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आरोप है कि ठेकेदार के कर्मचारी पूरे परिसर में मनमाने ढंग से वाहनों से पैसे वसूल रहे हैं।

इस स्टैंड का न तो कोई तय स्थान है और न ही कोई सीमांकन किया गया है। कर्मचारी परिसर में घूमकर लोगों से जबरन पैसे मांगते हैं।

### शौचालय बंद मिलने पर महापौर ने 5000 जुर्माना लगाया

वाराणसी । वाराणसी नगर निगम के कोतवाली जोन में पराड़कर भवन के पास हाल ही में बने शौचालय के बंद होने पर महापौर ने सख्ती दिखाई है। महापौर के निरीक्षण में शौचालय बंद मिला तो उन्होंने जिम्मेदारों से जानकारी ली पर कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने संचालक पर 5000 रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। इसके आलावा कोतवाली इलाके में जगह-जगह जल जमाव मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है।

### 10 दिन में गैस नहीं ली तो कैंसिल होगी बुकिंग

गोरखपुर। रसोई गैस की बढ़ती मांग और पैनिक बुकिंग को देखते हुए तेल कंपनियों ने बुकिंग के नियम सख्त कर दिए हैं। अब अगर कोई ग्राहक गैस सिलिंडर बुक करता है, तो उसे 10 दिनों के भीतर सिलिंडर लेना जरूरी होगा। अगर इस अवधि में सिलिंडर नहीं लिया गया, तो गैस एजेंसी की सिफारिश पर कंपनी उस बुकिंग को रद्द कर देगी।

## संजय सेतु मरम्मत कार्य एवं पीपा पुल व्यवस्थाओं का किया स्थलीय निरीक्षण



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारीएवं पुलिस अधीक्षक ने आज सरयू नदी पर स्थित संजय सेतु के मरम्मत कार्य के दृष्टिगत वैकल्पिक आवागमन हेतु बनाए गए पीपा पुल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सुरक्षा, यातायात नियंत्रण एवं आमजन की सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पीपा पुल पर आवागमन व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पुलिस ड्यूटी प्वाइंट, यातायात नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने पुल पर तैनात अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि पीपा पुल की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की लापरवाही की संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि एक ओर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध है, जबकि दूसरी ओर अतिरिक्त रोशनी की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने तत्काल अतिरिक्त लाइटें लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि शाम एवं रात्रि के समय आवागमन सुरक्षित एवं सुगम बना रहे।

## संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जारी

### 30 अप्रैल तक करें आवेदन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)–2026 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जारी सूचना के अनुसार राज्य की राजकीय, अनुदानित, पीपीपी, निजी एवं अल्पसंख्यक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन 15 जनवरी 2026 से शुरू हो चुके हैं, जिनकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभ्यर्थी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए भी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा



उपलब्ध कराई गई है, जिससे कार्यरत अभ्यर्थी भी तकनीकी शिक्षा से जुड़ सकें। ऑनलाइन आवेदन शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये प्रति ग्रुप तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये प्रति ग्रुप निर्धारित किया गया है। प्रत्येक अभ्यर्थी अधिकतम तीन ग्रुप में आवेदन कर सकता है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रदेशभर में राजकीय, अनुदानित, पीपीपी एवं निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों में हेल्प सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां से आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## झांसी में मां की गोद से उठा ले गया, 6 साल पहले हुई थी शादी, घर में मच गया कोहराम

# बेटे की हत्या करके फंदे पर लटका बाप

तमसा संकेत, एजेंसी

झांसी। झांसी में एक पिता ने अपने 3 साल के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी। बेटे की जान लेने के बाद सुसाइड कर लिया। आंगन में सो रही मां देर रात करीब 2 बजे उठी तो बच्चा गायब था। कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से अंदर झांकी तो नजारा देखकर चीख पड़ी। बच्चे का खून से लथपथ शव नीचे जमीन पर पड़ा था और पति फंदे से लटक रहा था। महिला के चिल्लाने पर परिजन जगे। वे भी दौड़े पहुंचे। घर में कोहराम मच गया।

पुलिस बुलाई गई। फिर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। शुक्रवार का यह मामला रक्सा थानाक्षेत्र के ढिमरपुरा गांव का है।



युवक ने बेटे की हत्या कर खुद क्यों जान दी, अभी इसकी वजह सामने नहीं आ सकी है। रक्सा के ढिमरपुरा गांव निवासी प्रेमसिंह रायकवार (38) खेती किसानी करता था। उसकी शादी लगभग 6 साल पहले आशा से हुई थी। उनकी दो बेटी तुलसा (5) और विनीता (4) है। सबसे छोटा बेटा भरत (3) था।

बड़े भाई नेकीराम ने बताया- हम छह भाई हैं। प्रेम सिंह, एक अन्य भाई के साथ लखपत गांव में रहता था। जबकि हम चार भाई, पिता के साथ गांव से करीब 500 मीटर दूर खेत में बने मकान में रहते हैं।




### नशे में धुत होकर घर पहुंचा

नेकीराम ने आगे बताया- देर रात लगभग 1 बजे प्रेम सिंह घर पर आया। पत्नी आशा और तीनों बच्चे कमरे के बाहर आंगन में सो रहे थे। वह बेटे भरत को उठाकर कमरे में ले गया। वहां चाकू से बच्चे का गला रेत दिया। इसके बाद फंखे पर साड़ी से फंदा बनाकर झूल गया।

देर रात लगभग 2 बजे पत्नी आशा जागी तो बच्चा गायब था। कमरे की कुंडी अंदर से बंद थी। काफी आवाज लगाई, लेकिन कोई जबाव नहीं मिला। तब आशा ने खिड़की से झांककर देखा तो पति फंदे पर लटका था और बच्चे की लाश जमीन पर पड़ी थी।

आशा चिल्लाने लगी। जेठानी रचना उठी। पूरे घर में कोहराम मच गया। जेठानी दौड़ते हुए खेत में बने मकान पर पहुंची। अन्य परिजन को पूरी बात बताई।

### सीओ बोले- सुसाइड के कारणों की जांच कर रहे हैं

सीओ सदर रामवीर सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश किया तो प्रेमसिंह फंदे पर लटका था, उसका 3 साल का बच्चा का शव खून से लथपथ पड़ा था।

प्रथमदृष्टया सामने आया कि पिता ने बेट की हत्या की और फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। जेठानी रचना ने बताया- मैं अपने बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। पति पड़ोस की शादी में गए थे। देर रात देवरानी आशा की आवाज सुनकर जागी, तब घटना का पता चला। मैं भागते हुए खेत पर गई और अपने घरवालों को बुलाकर लाई। इसके बाद डायल 100 पर फोन लगाकर पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा और कमरे के अंदर गई। लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर

पत्रांक 141/न.पा.प.टा./2026-27 दिनांकः 24/04/2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर के द्वारा स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर चंदन योजना के अन्तर्गत 1 निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1- कार्य का विवरण वेबसाइट https://www.tender.up.nic.in पर लॉगइन कर देखा जा सकता है।

2- वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि दिनांक 27.04.2026 से दिनांक 18.05.2026 तक।

3- प्री-बिड मीटिंग की तिथि व समय दिनांक 05.05.2026 समय 12:00 बजे।

4- ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय दिनांक 18.05.2026 समय 12:00 बजे।

5- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि / समय दिनांक 18.05.2026 समय अपरान्ह 02:00 बजे।

6- निविदा आमंत्रणकर्ता को आई०टी०बी० के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल की निगरानी रखें।

7- अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.tender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड को डाउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टाण्डा
अम्बेडकरनगर


नामांकन के साथ स्कूल में रहकर बच्चे शिक्षा प्राप्त करे, सरकार की प्राथमिकता

# ‘स्कूल चलो अभियान’ को मिशन मोड में किया लागू

**झुग्गी-झोपड़ियों से ईंट-भट्ठों तक बच्चों को स्कूल से जोड़ने का 1 मई से चलेगा अभियान**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए ‘स्कूल चलो अभियान’ को मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, उसका स्कूल में नामांकन हो और स्कूल में रहकर शिक्षा प्राप्त करे। इसी क्रम में 1 मई 2026 से प्रदेशभर में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्ठों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर विद्यालयों में नामांकित किया जाएगा। यह अभियान खास तौर पर आउट-ऑफ-स्कूल और ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर केंद्रित होगा। दिव्यांग बच्चों



को स्पेशल एजूकेटर के सहयोग से चिन्हित कर उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा, वहीं ड्रॉपआउट बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिलाया जाएगा। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इस अभियान को लेकर कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य केवल नामांकन ही नहीं, बल्कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है। ‘स्कूल चलो अभियान’ को जन आंदोलन बनाकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। ड्रॉपआउट बच्चों की वापसी, बालिकाओं की शिक्षा और ट्रांजिशन दर बढ़ाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह समावेशी बने, जहां समाज के हर वर्ग के बच्चों को समान अवसर मिले। इसी उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रशासन, शिक्षक, अभिभावक और समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए।

## दो ड्राइवर, पालतू कुत्ते की भी जान गई, मऊ में ट्रेलर से टकराई स्कॉर्पियो

# बेटी की शादी कराके लौट रहे मां-बाप-भाई की मौत

**दुर्घटना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मऊ। यूपी के मऊ में शनिवार तड़के भीषण सड़क हादसे में मां-बाप-भाई समेत 5 लोगों की मौत हो गई। परिवार रांची में बेटी की शादी कराके स्कॉर्पियो से गोरखपुर लौट रहा था। तड़के 3 बजे हाईवे पर अचानक स्कॉर्पियो बेकाबू हो गई। डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चली गई। सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई।

हादसे के बाद बुरी तरह पिचकी स्कार्पियो में परिवार फंस गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने जैसे-



तैसे सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। हादसा दोहरीघाट थाने में हुआ। शुरुआती वजह ड्राइवर को झपकी मानी जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, हादसे में विनय श्रीवास्तव (53), उनकी पत्नी अर्चना श्रीवास्तव (48) और बेटे कृतार्थ (27) की मौत हो गई। परिवार गोरखपुर के रानीडीहा थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। वहीं, दोनों ड्राइवर नीतीश कुमार (20) और पुरुषोत्तम कुमार (28) बिहार के गया के रहने वाले थे।

**हाईवे पर हुई टक्कर इतनी भीषण थी कि कई किलोमीटर तक उसकी आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर आसपास के गांव वाले मौके पर पहुंचे। हादसे की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी संजय कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक स्कॉर्पियो में सवार सभी पांच की मौत हो चुकी थी।**

विनय श्रीवास्तव के परिवार में अब सिर्फ बेटी मिमांसा है, जिसकी 20 अप्रैल को शादी हुई थी। बाकी, पूरा परिवार हादसे में खत्म हो गया। पुलिस ने शवों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन शव इस कदर फंसे हुए थे कि बाहर नहीं निकाल पाए। फिर गैस कटर और ट्रैक्टर मंगाया गया। गैस कटर से गाड़ी को काटा गया।



टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कार्पियो सवार सभी 5 की मौके पर मौत हो गई। गाड़ी के टुकड़े हाईवे पर दूर तक बिखर गए।

### 90 से 100 की स्पीड में थी गाड़ी

पुलिस के मुताबिक, हादसे के वक्त गाड़ी की स्पीड 90 से 100 किमी के बीच थी। ड्राइवर पुरुषोत्तम को झपकी आई और स्कार्पियो डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे लेन में पहुंच गई। उधर, तेज रफ्तार ट्रेलर था। ट्रेलर की चपेट में स्कार्पियो आ गई। टक्कर के बाद ट्रेलर कई मीटर तक स्कार्पियो को घसीट ले गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया।

### शादी के बाद लौट रहा था परिवार

गोरखपुर के अशोक नगर, खोराबार गांव के रहने वाले विनय श्रीवास्तव प्राइवेट टीचर थे। उनकी बेटी मिमांसा की शादी रांची में सुधांशु शेखर तिवारी से तय हुई थी। 20 अप्रैल को शादी हुई। शादी संपन्न होने के बाद परिवार किराए पर स्कॉर्पियो लेकर 24 अप्रैल को रांची से 558 किमी दूर गोरखपुर के लिए रवाना हुआ। दूरी ज्यादा थी, इसलिए स्कॉर्पियो में दो ड्राइवर भी थे। परिवार करीब 400 किमी की दूरी तय करके कुसुम्हा बशारतपुर के पास तक पहुंच चुका था। गाड़ी ड्राइवर पुरुषोत्तम चला रहा था। बगल की सीट पर विनय श्रीवास्तव बैठे थे। बीच की सीट पर मां, बेटा और पालतू कुत्ता था। जबकि पीछे की सीट पर ड्राइवर नीतीश आराम कर रहा था।

## ग्रामीण क्षेत्र में 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। शनिवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे पूरे क्षेत्र में तपिश का असर साफ तौर पर देखने को मिला। सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर होते-होते हालात और भी गंभीर हो गए। सड़कों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम आवाजाही देखने को मिली। बाजारों में जहां रोजाना चहल-पहल रहती है, वहां सन्नाटा पसरा नजर आया।

केवल जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकलते दिखाई दिए। अधिकतर लोग धूप से बचने के लिए सिर पर गमछा, टोपी या छाता का सहारा लेते नजर आए। गर्मी का असर सबसे ज्यादा दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और छोटे दुकानदारों पर पड़ रहा है। तेज धूप के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है, जिससे



उनकी आमदनी पर भी असर पड़ रहा है। वहीं, पशु-पक्षी भी इस भीषण गर्मी से परेशान हैं और पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते देखे जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे दिन के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर के समय तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के कपड़े पहनें। खासकर बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।

**फास्ट न्यूज**

### केनरा बैंक के मलबे में दबे नोट बटोरने पहुंचे लोग

आगरा । गुरुवार को मॉल के बेसमेंट की खुदाई के दौरान केनरा बैंक की बेलनगंज शाखा की बिल्डिंग गिर गई थी। मलबे में बैंक का करोड़ो का कैश दब गया। मलबे से कैश निकालने के लिए लोग पहुंच गए। ऐसे में पुलिस फोर्स के साथ ही पीएसी तैनात की गई है। बैंक के बगल के रास्ते को बंद कर दिया गया है।

गुरुवार रात में ही मलबे से कैश भी निकाल लिया गया।

### कानपुर में गर्मी का 18 साल का रिकॉर्ड टूटा

कानपुर। कानपुर में इस बार अप्रैल का महीना ही मई-जून जैसी भीषण गर्मी का एहसास करा रहा है। लगातार बढ़ते तापमान ने बीते 18 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शुक्रवार को सीएसए के वेदर स्टेशन में अधिकतम तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक है।

इससे पहले वर्ष 2008 में अप्रैल में तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था, जिसके बाद इतने उच्च स्तर तक पारा नहीं गया था। इसके अलावा एयरफोर्स स्टेशन पर पारा 43.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दो दिन लू चलने की संभावना है।

### डीपीएस स्टूडेंट्स के 3 दांत तोडे.

आगरा। आगरा में डीपीएस शास्त्रीपुरम में पढ़ने वाले 10वीं के 2 छात्रों में मारपीट हो गई। एक छात्र ने दूसरे के मुंह पर कई पंच मारे। उसके 3 दांत तोड़ दिए, जबड़े में भी चोट आई है। उसके मुंह से खून निकलने लगा। घायल छात्र के पिता पीयूष मल्होत्रा फेमस इन्फ्लुएंसर हैं। उन्होंने आरोप लगाया- स्कूल प्रबंधन ने इलाज कराने के बजाय फोन पर कहा कि अपने बच्चे को ले जाइए।

## हेतमापुर बांध के पास बना आपदा प्रबंधन केंद्र लेकिन पेयजल सुविधा का अभाव

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। जनपद बाराबंकी के सूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बतनेरा में हेतमापुर बांध के पहले लाखों रुपये की लागत से बनाए गए आपदा प्रबंधन एवं आश्रय केंद्र में मूलभूत सुविधा पेयजल का अभाव स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। खंड विकास अधिकारी बोले जल्द होगा कि जाएगी नल की व्यवस्था। ग्रामीणों के अनुसार यह केंद्र आपदा के समय लोगों को सुरक्षित आश्रय देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिसमें शौचालय और मोटर जैसी व्यवस्थाएं तो की गई हैं, लेकिन पीने के पानी के लिए साधारण नल की व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय निवासी जितेन्द्र , कल्लू, नवीन कुमार, रवि कुमार, विजय और राजेन्द्र कुमार का




कहना है कि केंद्र पर मोटर तो लगी है, लेकिन बिजली न रहने की स्थिति में ठंडा या सामान्य पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में राहगीरों और आसपास के लोगों को गर्मी के मौसम में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में यदि कोई राहगीर वहां से गुजरते समय प्यासा हो जाए, तो उसके लिए पानी पीने की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। उनका कहना है कि यहां एक हैंडपंप या नल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, ताकि किसी भी समय कोई भी व्यक्ति अपनी प्यास बुझा सके।

## पत्नी-बेटी समेत 5 झुलसे, सीढ़ियां लगाकर दमकल विभाग ने रेस्क्यू किया

# कानपुर के मार्केट में आग लगी दुकानदार जिंदा जला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में शनिवार सुबह साढ़े तीन बजे दीना मार्केट की तीन दुकानों में आग लग गई। दुकानदार की जिंदा जलकर मौत हो गई। पत्नी, बेटी, भाभी, भतीजी और भतीजा झुलस गए। दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर झुलसे लोगों को बाहर निकाला। शुरुआती जांच में पता चला है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकानों में आग लगी। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। तीनों दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। आसपास के लोगों ने दमकल को फोन कर सूचना दी। 15 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियां पहुंचीं। टीम ने 6 घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन दुकानों में रखा



सामान जलकर राख हो गया। हादसे में घायल पांचों लोगों को घाटमपुर CHC में भर्ती कराया गया है। दुकानें एक ही परिवार के भाइयों की हैं। ग्राउंड फ्लोर पर दुकानें हैं और फर्स्ट फ्लोर पर तीनों भाइयों के परिवारों के 15 लोग रहते हैं। दीना मार्केट में बेहटा बुजुर्ग निवासी तीन सगे भाई रामकिशन, सत्यनारायण और रज्जनलाल की दुकानें हैं। एक दुकान किराने की, दूसरी कपड़ों की और तीसरी बिस्कुट की थोक दुकान है। दीना मार्केट में दुकानों के ऊपर ही घर बना है। दुकानदारों का परिवार वहीं रहता है। रोज की तरह तीनों भाई शुक्रवार रात दुकान बंद कर दूसरी मंजिल पर अपने-अपने परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो गए।

**“सत्यनारायण के बेटे अंकुर ने बताया आग में सब कुछ जलकर राख हो गया। वे सो रहे थे। शोर सुनकर उठे तो देखा कि घर में धुआं फैला हुआ था। जब तक कुछ समझ पाते, आग कमरे तक पहुंच गई। किसी तरह हमने भागकर जान बचाई।**



### 6 घंटे में आग पर काबू पाया गया

छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। पांच फायर स्टेशन की सात गाड़ियां बुलाई गई थीं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां को मूसानगर स्थित नगर पालिका से पानी मिलता रहा। जिससे गाड़ियां पानी भरकर लगातार आ रही थीं। मौके पर पांच बड़ी और दो छोटी गाड़ियां मौजूद रहीं।

### आग से झुलसे लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया गया


आग की चपेट में आकर झुलसने वाले पांच लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। यहां तहसीलदार अंकिता पाठक ने सभी घायलों से मिलकर उनका हाल जाना। मौजूद परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## पशु चिकित्सक किसानों की समृद्धि और राष्ट्र के स्वास्थ्य के वास्तविक रक्षक : किशन चौधरी

# ‘विश्व पशु चिकित्सा दिवस’

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। के.एम. विश्वविद्यालय के एसएम कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल रिसर्च द्वारा 'विश्व पशु चिकित्सा दिवस' के अवसर पर विश्वविद्यालय के सभागार में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वर्ष का मुख्य विषय “पशु चिकित्सकः भोजन और स्वास्थ्य के रक्षक” रहा, जिसके माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण में पशु चिकित्सकों के अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री किशन चौधरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, “पशु चिकित्सक न केवल बेजुबान जानवरों की सेवा करते हैं, बल्कि वे सुरक्षित भोजन और जन स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में भी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। न बोलने वाले जीवों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है।“ उन्होंने वेटरनरी कॉलेज को अपना सपना बताते हुए छात्रों को शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

संगोष्ठी के दौरान वेटरनरी क्लिनिक प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार ने चौंकाने वाले तथ्य साझा करते हुए बताया कि दुनिया भर में उभरने वाले लगभग 75 प्रतिशत संक्रामक रोग पशु-जनित (र्ववदवजपब) हैं। उन्होंने कहा कि रेबीज और ब्रुसेलोसिस जैसी बीमारियां समाज के लिए बड़ी चुनौती हैं, जिनसे निपटने में पशु चिकित्सक 'पहली पंक्ति के योद्धा' की तरह कार्य करते हैं। इस अवसर पर मेडिकल प्राचार्य डॉ. पीएन भिसे, डा. आरके गुप्ता, प्रिंसिपल डिप्लोपा डा. पिताम्बर सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर डा. नेहा सिंह, असिटेंट प्रोफेसर डा. अभिषेक कुमार, डा. अनुज शर्मा, डा. गिरीश कुमार गुप्ता के अलावा विवि के समस्त फैकल्टी के डीन, प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**इस अवसर पर कुलाधिपति ने वरिष्ठ पशु चिकित्सक एवं प्रिंसिपल डा. पिताम्बर सिंह के साथ वेटरनरी की चिकित्सकीय टीम को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. अजय प्रकाश तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा सिंह ने किया और समापन सलाहकार डॉ. एसपी गोस्वामी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।**

### पशुओं से प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थों की शुद्धता और सुरक्षा पर जोर

पशुओं की खाद्य सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए वेटरनरी डीन डॉ. अजय प्रकाश ने पशुओं से प्राप्त होने वाले खाद्य पदार्थों की शुद्धता और सुरक्षा पर जोर दिया। वहीं ग्रामीण उत्थान पर कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह ने ग्रामीण स्तर तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुँचाने के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। कुलपति डॉ. एनसी प्रजापति ने कॉलेज की सफलताओं की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सुरक्षा पारदर्शिता और अभ्यर्थियों की सुविधाओं का लिया जायजा

**निरीक्षण**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। होमगार्ड स्वयं सेवक भर्ती परीक्षा के प्रथम दिवस आज जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा जांच, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्र सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था एवं कंट्रोल रूम समन्वय का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि



**होमगार्ड भर्ती परीक्षा के प्रथम दिवस डीएम-एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण**

परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अभ्यर्थियों हेतु पेयजल, छायादार प्रतीक्षास्थल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा दोनों सर्वोच्च प्राथमिकता में रहें।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### ‘जब खेत...

किसान को बीज, खाद, कीटनाशक और डीजल ऊंचे दामों पर खरीदना पड़ रहा है, जबकि फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। फसल बीमा और कर्ज की व्यवस्था भी किसानों के लिए बोझ बनती जा रही है, जिससे खेती अलाभकारी होती जा रही है।

उन्होंने बताया कि सपा सरकार के दौरान बनाए गए सोलर गांव का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था, जहां बिजली मुफ्त थी। भविष्य में ऐसे मॉडल को फिर लागू करने की बात कही।

### बंगाल चुनाव के ...

निलंबित किए गए सभी पुलिस अधिकारी डायमंड हार्बर क्षेत्र के हैं. चुनाव आयोग ने इनके खिलाफ उपलब्ध सबूतों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए थे. इन सभी पर कदाचार और पक्षपात का आरोप है. सस्पेंड किए गए अधिकारियों की लिस्ट में पहला नाम डायमंड हार्बर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) संदीप गराई का है. उनके खिलाफ सबूतों समेत एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजी जा सकती है.

दरअसल 23 अप्रैल को बंगाल की 152 सीटों पर पहले चरण के मतदान के दौरान कई जगहों से छिटपुट झड़प की घटनाएं सामने आई थीं. बीजेपी उम्मीदवारों पर हमला हुआ. एक को तो दौड़ाकर पीटा गया.

### इस्लामाबाद शांति ...

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है. उन्होंने कहा कि यह मुलाकात काफी अच्छी और पॉजिटिव रही. दोनों नेताओं के बीच मौजूदा क्षेत्रीय परिस्थितियों पर खुलकर चर्चा हुई. साथ ही, पाकिस्तान और ईरान के आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर भी बात हुई. यानी सिर्फ मौजूदा तनाव ही नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर भी बातचीत हुई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खास दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर इस्लामाबाद आने वाले हैं. जेरेड कुशनर ट्रंप के दामाद भी हैं और उनके करीबी सलाहकार भी.

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने पुष्टि की कि बात सीधी होगी लेकिन पाकिस्तान इसे आगे बढ़ाने में मदद करेगा. उन्होंने ये भी बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस वॉशिंगटन से इस पूरी कोशिश पर नजर रखेंगे और विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा टीम से तालमेल बनाए रखेंगे. ध्यान देने वाली बात है कि ये सारी बातें ईरान के प्रतिनिधित्व के इस्लामाबाद से रवाना होने से पहले बताई गई थी.

राष्ट्रपति ट्रंप ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को दिए एक फोन इंटरव्यू में कहा कि ईरान एक प्रस्ताव तैयार कर रहा है. उन्होंने कहा 'वो एक ऑफर बना रहे हैं, हमें देखना होगा.' उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें अभी उस प्रस्ताव की पूरी जानकारी नहीं मिली है.

### ममता बीजेपी का...

कुछ साल पहले कांग्रेस ने देशभर में भारत जोड़ो यात्रा की। कांग्रेस के दौर में बंगाल में उद्योग थे।

वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इस बार हम असम में सेंचुरी और बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे। मैं भरोसे से कह सकता हूं कि बंगाल में पहले चरण में ही भाजपा 110 सीटें जीत चुकी है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से आने वालों के कारण अगले दो दशकों में असम और बंगाल में हिंदू अपना बहुमत का दर्जा खो देंगे। TMC नेता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी को पहले फेज की 152 सीटों में से 125 से 135 सीटें मिलेंगी। ममता बनर्जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रोड शो किया। इधर, चुनाव आयोग ने लापरवाही बरतने और निष्पक्षता नहीं रखने पर पांच अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड अधिकारियों में एएसपी और एसडीपीओ भी शामिल हैं।

गृह मंत्री अमित शाह की रैली में एक बच्चे ने उनकी फोटो खींची। शाह ने वीडिया शेयर करते हुए लिखा- जब कोई मास्टर फोटोग्राफर आपकी फोटो ले।

गृह मंत्री अमित शाह की रैली में एक बच्चे ने उनकी फोटो खींची। शाह ने वीडिया शेयर करते हुए लिखा- जब कोई मास्टर फोटोग्राफर आपकी फोटो ले।

पश्चिम बंगाल के साउथ 24-परगना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि BJP वाले वोटचोरी करते हैं। वोट चोरी की वजह से बिहार में चुनाव जीत पाए।

उन्होंने कहा- मोदी कहते हैं उनकी छाती 56 इंच की है। पर अगर ऐसा है तो वे संसद में मुझसे डर कर क्यों भाग गए। नरेंद्र मोदी की सच्चाई एप्सटीन फाइल्स में बंद है और चाबी ट्रम्प के पास है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने कहा- TMC ने बंगाल में कोई काम नहीं किया। उन्होंने लोगों को रोजगार नहीं दिया। TMC की खराब सरकार की वजह से ही आज बंगाल में BJP का रास्ता खुल रहा है। ममता बनर्जी की सरकार में महिलाओं पर अत्याचार हुआ है। आर जी कर जैसी घटनाएं हमारे सामने हैं।

### जय श्रीराम बोलने ...

इसके बाद उत्तर 24 परगना जिले में जनसभा को संबोधित करेंगे।

जिस बंगाल ने भारत को पहचान दी, आज उसी के सामने पहचान का संकट है। TMC की सरकार 15 सालों में माफिया राज, आतंक और भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुकी है। उसके गुंडे सरेआम घूम रहे हैं।

पहले चरण की वोटिंग में लोगों ने रिकॉर्ड मतदान किया। अभी से जो बातें सुनाई दे रही हैं, जो नजारे दिखाई दे रहे हैं। उससे 4 मई को जब नतीजे आएंगे, तब चारों ओर भगवा झंडा लहराता दिखेगा।

अयोध्या में भगवान राम की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर बन चुका है। कांग्रेस, कम्युनिस्ट और TMC रोक नहीं पाए। यूपी में अब रोप-वे बन रहे हैं, एक्सप्रेस-वे बन रहे हैं। हर व्यक्ति को सुरक्षा की गारंटी है।

### यूपी में न कर्फ्यू है...

2017 तक यूपी में भी यही स्थिति थी। व्यापारी पलायन कर रहे थे, लव जिहाद और लैंड जिहाद की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। जय श्रीराम बोलने पर लाठी और गोली चलती थी। आज यूपी में डबल इंजन सरकार है। आज यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, यूपी में सब चंगा है।

### आप छोड़ते ही राघव ...

AAP का आरोप है कि इन सांसदों का कदम असंवैधानिक है और उन्हें अयोग्य घोषित करना चाहिए।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि दलबदल विरोधी कानून के तहत राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार के विभाजन या गुटबाजी को मान्यता नहीं दी जाती, चाहे वह दो-तिहाई बहुमत के साथ ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची भी ऐसे किसी अलग गुट को वैध नहीं मानती।

स्वाति मालीवाल ने AAP और अरविंद केजरीवाल पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 2006 से केजरीवाल के साथ काम किया, हर आंदोलन में साथ दिया, लेकिन बाद में उनके साथ पार्टी में दुर्व्यवहार हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर में उनके साथ मारपीट कराई गई और FIR वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया। मालीवाल ने कहा कि उन्हें दो साल तक संसद में बोलने का मौका नहीं दिया गया जो बेहद शर्मनाक है।

उन्होंने केजरीवाल को महिला विरोधी, भ्रष्ट और गुंडागर्दी करने वाला नेता बताया। साथ ही पंजाब सरकार पर भी आरोप लगाया कि वहां अवैध खनन और ड्रग्स का कारोबार चरम पर है और सरकार रिमोट कंट्रोल से चलाई जा रही है। मालीवाल ने यह भी कहा कि उन्होंने BJP किसी दबाव में नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास के चलते भाजपा जॉइन की है।

सौरभ भारद्वाज- BJP ऐसी पार्टियों से डरती है जो सत्ता से सवाल पूछती हैं।

## गुजरात को 5 विकेट से हराया, कोहली ने 81 रन बनाए, पडीक्कल की फिफ्टी

# आईपीएल 2026 में बेंगलुरु की पांचवीं जीत



**खेल**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपनी पांचवीं जीत के साथ गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हरा दिया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 206 रन का लक्ष्य बेंगलुरु ने 18.5 ओवर में 5 विकेट पर हासिल किया।

विराट कोहली ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 30 गेंदों पर अपनी 66वीं IPL फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 81 रन बनाए। देवदत्त पडीक्कल ने 20 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। उन्होंने 55 रन की पारी खेली।

इससे पहले सीजन के 34वें मुकाबले में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन के शानदार शतक की बदौलत 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 205 रन बनाए। सुदर्शन ने 58 गेंदों पर 100 रन बनाए। यह उनका तीसरा IPL शतक रहा।

राशिद खान और मानव सुथार के लगातार दो ओवरों में कुल 17 रन आए और दो विकेट गिरे। राशिद के ओवर में 13 रन बने, लेकिन जितेश शर्मा 10 रन बनाकर कवर पर कैच आउट हो गए। इसके बाद सुथार के ओवर में सिर्फ 4 रन आए, जिसमें रजत पाटीदार 8 रन बनाकर फुल लेंथ गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में कैच दे बैठे।



देवदत्त पडीक्कल 55 रन बनाकर आउट हुए।

**विराट कोहली ने इस मैच में दो रिकॉर्ड बनाए। वे आईपीएल में 800 चौके पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने। साथ ही टूर्नामेंट में 300 छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन गए। उनसे पहले रोहित शर्मा और क्रिस गेल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।**

### बेंगलुरु टॉप-2 पर पहुंची

बेंगलुरु 7 मैचों में 5 जीत और 10 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं गुजरात 7 मैचों में 3 जीत और 6 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। टीम को अपने बचे हुए 7 मैचों में कम से कम 6 जीत हासिल करनी होंगी, ताकि टीम 16 या 14 अंकों तक पहुंच सके।

### आरसीबी की आसान जीत, 7 गेंद पहले लक्ष्य हासिल किया

19वें ओवर की पांचवीं बॉल पर RCB ने 7 गेंद बाकी रहते मैच जीत लिया।क्रुणाल पांड्या ने लेग साइड में सिंगल लेकर जीत दिलाई। इससे पहले उन्होंने शॉर्ट गेंद पर चौका लगाकर स्कोर बराबर किया था। इससे पहले गुजरात टाइटंस ने 12.4 ओवर में 128 रन की ओपनिंग साझेदारी के दम पर मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन मिडिल ऑर्डर उतनी तेजी से फिनिश नहीं कर सका। RCB के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए रन गति पर ब्रेक लगाया।

### सुथार के ओवर में 15 रन, क्रुणाल ने 3 बाउंड्री लगाई

मानव सुथार के ओवर में 15 रन आए। क्रुणाल पांड्या ने इस ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़ते हुए मैच का रुख RCB की तरफ मोड़ दिया।

18वें ओवर की पहली गेंद पर क्रुणाल ने सीधा शॉट खेलकर चौका लगाया, फिर तीसरी गेंद पर मिडविकेट के रास्ते एक और चौका बटोरा। इसके बाद पांचवीं गेंद पर शानदार छक्का जड़कर दबाव पूरी तरह कम कर दिया। आखिरी गेंद पर सिंगल लेकर स्ट्राइक रोटेट की।

RCB का स्कोर 18 ओवर के बाद 199/5 है। क्रुणाल पांड्या 17 रन और टिम डेविड 9 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स के लिए आसान नहीं राह

### पंजाब की चुनौती पड़ सकती है भारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। आईपीएल-2026 में आज दिन के पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना पंजाब किंग्स से है। ये मैच दिल्ली के घर अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा है। पंजाब की टीम इस समय शानदार फॉर्म में है और उसे हराना काफी मुश्किल है। दिल्ली की टीम वैसे भी निरंतरता की कमी से जूझ रही है और इसी के चलते पंजाब का पलड़ा उस पर भारी लग रहा है। हालांकि, उसे एक खुशखबरी जरूर मिली है। तूफानी गेंदबाज मिचेल स्टार्क चोट से उबरकर टीम से जुड़ गए हैं।

मिचेल स्टार्क वापस आ गए हैं और बहुत संभावना है कि वह इस मैच में खेलें। ऐसे में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल के सामने सवाल ये है कि वह किस गेंदबाज को बाहर करें। स्टार्क आते हैं तो गाज लुंगी एंगिडी पर गिर सकती है।

दिल्ली का पिछले मैच सनराइ-जर्स हैदराबाद के खिलाफ था। इस मैच में राहुल ने जिस तरह से रन किए थे वो सवालों के घेरे में रहा था। एक बार फिर इस मैच में केएल राहुल पर नजरें रहेंगी कि वह कैसी बल्लेबाजी करते हैं।



## 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी

# डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज फ्रेंच ओपन से हटे कलाई में चोट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टेनिस स्टार और वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्काराज इस साल फ्रेंच ओपन में नजर नहीं आएंगे। दो बार के मौजूदा चैंपियन अल्काराज ने कलाई की चोट से उबरने के लिए हटने का फैसला किया है। वे रोम मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लेंगे। फ्रेंच ओपन 18 मई से होना है।

22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर जानकारी दी। अल्काराज ने बताया कि टीम ने तय किया कि पूरी तरह फिट हुए बिना वापसी जोखिम भरी हो सकती है, इसलिए रिकवरी पर ध्यान जरूरी है।

अल्काराज ने पोस्ट में लिखा, 'हमने तय किया है कि सबसे समझदारी वाला काम सावधानी बरतना है। रोम या रोलां गैरो में हिस्सा न लेना एक कठिन फैसला है, लेकिन मुझे यकीन है कि मैं इस चोट से उबरकर और मजबूती से वापसी करूंगा।' अल्काराज के लिए यह साल शानदार रहा है। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर सबसे कम उम्र में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले पुरुष खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया था। इस सीजन में उनका रिकॉर्ड 22-3 रहा है और उन्होंने दोहा में एक खिताब जीता है। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में उन्होंने जनिक सिनर के खिलाफ तीन चैंपियनशिप पॉइंट बचाकर खिताब जीता था। अल्काराज ने 12 अप्रैल को मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में जैनिक सिनर से हारकर वर्ल्ड नंबर-1 रैंकिंग गंवा दी थी। अब फ्रेंच ओपन से हटने के कारण उन्हें रैंकिंग पॉइंट्स का बड़ा नुकसान होगा, क्योंकि वे मौजूदा चैंपियन के तौर पर अपने पॉइंट्स डिफेंड करने वाले थे।



अल्काराज को बार्सिलोना ओपन के पहले दौर में कलाई में चोट लगी थी।

**अल्काराज अब मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैब करेंगे और रिकवरी की प्रोग्रेस देखने के बाद ही तय करेंगे कि वे किस टूर्नामेंट से वापसी करेंगे।**



### बार्सिलोना ओपन के दौरान लगी थी चोट


अल्काराज को इसी महीने बार्सिलोना ओपन के पहले दौर में कलाई में चोट लगी थी। ओटो विर्टानन के खिलाफ मैच जीतने के बाद दर्द बढ़ने पर उन्होंने टूर्नामेंट छोड़ दिया था। 17 अप्रैल को उन्होंने मैड्रिड मास्टर्स से भी नाम वापस ले लिया था, तभी से फ्रेंच ओपन खेलने पर सस्पेंस था। शुक्रवार के मेडिकल टेस्ट के बाद उन्होंने पेरिस न जाने की पुष्टि कर दी।

**मनोरंजन**

## सिंगर ने हिंदी में कहा शुक्रिया, ईशा अंबानी के साथ तस्वीर क्लिक करवाई

# मुंबई में फेंटी ब्यूटी के इवेंट में शामिल हुईं पॉप स्टार रिहाना

मुंबई । फीनिक्स पैलेडियम में शुक्रवार को इंटरनेशनल पॉप स्टार रिहाना अपने कॉस्मेटिक ब्रांड फेंटी ब्यूटी के भारत में आधिकारिक लॉन्च इवेंट में शामिल हुईं। इस इवेंट को 'फेंटी ब्यूटी की हवेली' नाम दिया गया था। कार्यक्रम में रिलायंस रिटेल की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मौजूद थीं। इसके अलावा एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर, अदिति भाटिया और कई बॉलीवुड सेलेब्स भी इवेंट में शामिल हुए। वहीं, इवेंट के दौरान रिहाना ने हिंदी में बात करने की कोशिश भी की। रिहाना स्टोर के अंदर से बाहर आती हैं और पैपराजी से पूछती हैं, How do you say thank you in Hindi? (हिंदी में थैंक यू कैसे कहते हैं?)। जब उन्हें स्टोर के अंदर से किसी ने शुक्रिया शब्द बताया, तो वह फिर से मुस्कुराते हुए बाहर आईं और जोर से शुक्रिया कहा। बता दें कि फीनिक्स पैलेडियम में 25 अप्रैल से 4 मई 2026 तक यह खास पॉप-अप स्टोर खुला रहेगा, जहां फेंटी ब्यूटी के अलग-अलग शेड्स और प्रोडक्ट्स को लोग करीब से देख और ट्राय कर सकेंगे। भारत में फेंटी ब्यूटी के प्रोडक्ट्स अब रिलायंस रिटेल के तीरा ब्यूटी और सेफोरा पर विशेष रूप से उपलब्ध होंगे। वह 29 फरवरी, 2024 को जामनगर पहुंचीं और इवेंट के अगले दिन वापस लौट गईं। मार्च 2024 में जामनगर में हुई प्री-वेडिंग सेरेमनी में दुनिया भर की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें मार्क जकरबर्ग, प्रिसिला चान, बिल गेट्स और इवांका ट्रम्प शामिल हैं।





**रिहाना का पहला गाना पॉन डे रिप्ले था। यह गाना 24 मई 2005 को उनके पहले स्टूडियो एल्बम, म्यूजिक ऑफ़ द सन के लीड सिंगल के तौर पर रिलीज हुआ था।**

### रिहाना का भारत का दूसरा दौरा

इंटरनेशनल सिंगर रिहाना शुक्रवार को दूसरी बार भारत पहुंचीं। इससे पहले वह 2024 में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में परफॉर्म करने आई थीं। रिहाना ने अनंत अंबानी की प्री वेडिंग इवेंट में 1 मार्च 2024 को परफॉर्म किया था। यह भारत में उनका पहला लाइव परफॉर्मेंस थी। रिहाना ने अनंत अंबानी की प्री वेडिंग इवेंट में 1 मार्च 2024 को परफॉर्म किया था। यह भारत में उनका पहला लाइव परफॉर्मेंस थी।



# अक्षय की बेटी से न्यूड तस्वीरें मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

### साल 2025 का मामला, एक्टर ने खुद घटना के बारे में बताया था

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बेटी से न्यूड तस्वीरें मांगने से जुड़े मामले में महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के ADGP यशस्वी यादव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वे मुंबई के आर.डी. नेशनल कॉलेज में साइबर अवेयरनेस पर एक स्पेशल सेशन में बोल रहे थे। हालांकि, गिरफ्तारी कब हुई उन्होंने यह नहीं बताया। ADGP यादव ने बताया कि अक्षय की बेटी ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत अपने परिवार को इस बारे में बताया, जिसके बाद मामला साइबर पुलिस तक पहुंचा और कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में अक्षय कुमार का अक्टूबर 2025 का वीडियो भी चलाया गया, जिसमें उन्होंने इस घटना का जिक्र किया था। अक्षय ने बताया था कि ऑनलाइन गेम खेलते वक्त उनकी बेटी से न्यूड फोटोज मांगी गई थी। 3 अक्टूबर 2025 को मुंबई पुलिस के 'साइबर अवेयरनेस मंथ 2025' के उद्घाटन कार्यक्रम में अक्षय कुमार पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

जहां एक्टर ने कहा था,मैं आप सभी को एक छोटी-सी घटना बताना चाहता हूं, जो कुछ महीने पहले मेरे घर पर हुई थी। मेरी बेटी एक वीडियो गेम खेल रही थी और कुछ ऐसे वीडियो गेम्स होते हैं जिन्हें आप किसी के साथ ऑनलाइन खेल सकते हैं।



## ₹252 करोड़ के मेफेड्रोन मामले में नोरा फतेही-श्रद्धा कपूर के नाम सामने आए थे

# 'ड्रग केस में सेलिब्रिटीज के खिलाफ ठोस सबूत नहीं'



नई दिल्ली। मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल (ANC) के 252 करोड़ रुपए के ड्रग्स केस में आरोपी मोहम्मद सलीम मोहम्मद सुहैल शेख उर्फ लैविश के खिलाफ अगले हफ्ते चार्जशीट दाखिल करेगी। जांच के दौरान कई सेलिब्रिटीज के नाम सामने आए थे, लेकिन उनके खिलाफ अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है।

यह बात एक सीनियर ऑफिसर ने मुंबई मिरर के साथ बातचीत में कही। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ आरोपी के बयान के आधार पर किसी की भूमिका तय नहीं की जा सकती। लैविश फरार ड्रग माफिया सलीम डोला का करीबी माना जाता है। यह मामला साल 2022 में ड्रग्स बनाने और सप्लाई करने से जुड़ा है। लैविश को यूएई से भारत लाया गया था। 16 नवंबर 2025 को नोहा फतेही ने ड्रग केस में नाम आने के बाद सफाई देते हुए लिखा था,मैं पार्टियों में नहीं जाती, मैं हमेशा फ्लाइट्स पर रहती हूं, मैं वर्कहॉलिक हूं, मेरी कोई पर्सनल लाइफ नहीं है, मैं ऐसे लोगों के साथ जुड़ती भी नहीं हूं और अपनी छुट्टी के दिनों में मैं दुबई में बीच पर या अपने हाई स्कूल दोस्तों के साथ घर पर होती हूं। मैं अपना पूरा दिन और रात अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने में लगाती हूं।

आगे उन्होंने लिखा था,जो भी पढ़ते हो, उस पर भरोसा मत करो। लगता है मेरा नाम इस्तेमाल करना बहुत आसान है। लेकिन इस बार मैं ऐसा होने नहीं दूंगी। ये पहले भी हुआ है, आप लोगों ने झूठ फैलाकर मुझे बर्बाद करने की कोशिश की थी, लेकिन वो कामयाब नहीं हुई। मैंने चुपचाप देखा जब हर कोई मेरी छवि खराब करने, मेरा नाम बदनाम करने और मुझे क्लिकबेट की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा था। कृपया मेरा नाम और मेरी तस्वीर उन मामलों में इस्तेमाल करने से बचें जिनका मुझसे जरा भी संबंध नहीं है।



### आरोपी ने सेलेब्स के नाम लिए थे

रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी रिमांड एप्लीकेशन में ANC ने कोर्ट को बताया कि लैविश ने दुबई और मुंबई में शानदार पार्टियां होस्ट की थीं। इन पार्टियों में कथित तौर पर कई सेलिब्रिटी और जाने-माने लोग शामिल हुए थे, जिनमें एक्ट्रेस नोरा फतेही और श्रद्धा कपूर, फिल्ममेकर जोड़ी अब्बास-मस्तान, इन्फ्लुएंसर ओरी शामिल थे। वहीं, पिछले साल सिद्धांत कपूर और ओरी से ANC ने पूछताछ की थी।

**"मुंबई मिरर ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया कि वह दाऊद इब्राहिम गैंग से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का अहम सदस्य है। चार्जशीट में ड्रग्स बनाने की यूनिट, सप्लाई का पूरा नेटवर्क और पैसों के लेन-देन की जानकारी शामिल होगी।**



## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के भीतर अधिकारियों के बीच एक ईमेल के जरिए बातचीत हुई

# ‘ब्रिटेन ने जंग में साथ नहीं दिया ट्रम्प नाराज’

### ब्रिटेन के कब्जे वाले फॉकलैंड द्वीप पर अर्जेंटीना का साथ दे सकते हैं

**दावा**





**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्रिटेन और स्पेन ने NATO से जुड़ी एक अमेरिकी रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। इसमें कहा गया था कि ट्रम्प सरकार इन दोनों देशों को सजा देने पर विचार कर रही हैं। इसकी वजह ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का खुलकर साथ नहीं देना है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के भीतर अधिकारियों के बीच एक ईमेल के जरिए बातचीत हुई, जिसमें अलग-अलग संभावित कदमों (ऑप्शन्स) पर विचार किया जा रहा था। जैसे कि विरोधी माने जा रहे देशों को NATO के अहम पदों से हटाना, स्पेन जैसे देश को गठबंधन में उसकी भूमिका को सीमित करना और ब्रिटेन के फॉकलैंड द्वीप पर दावे को लेकर अमेरिका की नीति की समीक्षा करना। हालांकि पेंटागन ने इस ईमेल पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी और यह ईमेल सार्वजनिक रूप से भी सामने नहीं आया है।

अब लीक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका, फॉकलैंड द्वीप को लेकर अमेरिका की नीति की समीक्षा कर सकता है। दरअसल, जब 1982 में फॉकलैंड युद्ध शुरू हुआ तब अमेरिका ने खुद को बीच में रखने की कोशिश की।

#### फॉकलैंड को लेकर अर्जेंटीना और ब्रिटेन में विवाद

फॉकलैंड द्वीप का मामला ब्रिटेन और अर्जेंटीना दोनों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है। दोनों देश इस पर दावा करते हैं। अर्जेंटीना इस द्वीप को माल्विनास कहता है।

फॉकलैंड दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित हैं और अर्जेंटीना से सिर्फ 500 किमी दूर है। वहीं ब्रिटेन से यह 13,000 किमी दूर स्थित है।

अर्जेंटीना ऐतिहासिक रूप से इस द्वीप को अपना बताता आया है। अर्जेंटीना का कहना है कि ये द्वीप उसके पास होने चाहिए, क्योंकि ये उसके इलाके के करीब हैं।

वहीं ब्रिटेन कहता है कि वहां रहने वाले लोग खुद को ब्रिटिश मानते हैं और उन्होंने वोट करके भी ब्रिटेन के साथ रहने की इच्छा जताई है, इसलिए यह उसका क्षेत्र है।

#### शुरुआत में ब्रिटेन ने एयरबेस देने से इनकार किया था

ईरान पर हमलों के दौरान ट्रम्प और स्टार्मर के बीच तनाव देखने को मिला था। शुरुआत में ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी। बाद में ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद ब्रिटेन ने कुछ एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी, ताकि होर्मुज या ब्रिटिश ठिकानों को खतरा पैदा करने वाले ईरानी ठिकानों पर हमला किया जा सके। हालांकि फिर ट्रम्प इससे खुश नहीं हुए।

दूसरी तरफ अर्जेंटीना में इस खबर को लेकर खुशी का माहौल है। सरकार के प्रवक्ता जेवियर लानारी ने कहा कि उनका देश ‘माल्विनास’ को वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ट्रम्प के करीबी माने जाते हैं। मिलेई ने भी कहा कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा।

## इंडो-पैसिफिक में बढ़ी ताकत भारत-अमेरिका साझेदारी गहरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**



भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारी जनरल केविन बी. श्नाइडर के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने यह स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय के अनुसार, इस बातचीत में द्विपक्षीय और त्रि-सेवा सहयोग को और विस्तारित करने पर भी सहमति बनी।

दोनों देशों ने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया। इससे पहले, जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने सर रिचर्ड नाइटन के साथ मुलाकात कर वैश्विक चुनौतियों, साइबर खतरों और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ब्रिटेन ने भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

**फास्ट न्यूज**

### यूएस से वार्ता पर ईरान में कलह

तेहरान। ईरान की राजनीति और कूटनीति में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। देश की प्रभावशाली और रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी फार्स न्यूज एजेंसी ने विदेश मंत्री अब्बास अराघची के प्रस्तावित इस्लामाबाद दौरे पर सवाल उठाए हैं। एजेंसी ने साफ तौर पर मांग की है कि इस दौरे को रद्द किया जाए, क्योंकि इसका समय अमेरिका के वार्ता दल के दौरे से मेल खा रहा है। फार्स न्यूज का कहना है कि इस तरह का संयोग यह संकेत देता है कि तेहरान अब भी अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने को तैयार है।

### इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने पहने भारतीय झुमके

इटली। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गई हैं। इस बार वजह कोई राजनीतिक बयान या अंतरराष्ट्रीय मुद्दा नहीं, बल्कि उनका फैशन स्टाइल है। इटली की प्रधानमंत्री की ओर से शेयर की गई एक हालिया सेल्फी ने भारतीय सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी, क्योंकि तस्वीर में वह पारंपरिक भारतीय झुमका ईयररिंग्स पहने नजर आईं। मेलोनी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर यह सेल्फी पोस्ट की, जिसमें वह बेहद सधे और औपचारिक विंटर लुक में दिखाई दीं।

### ईरान के साथ तनाव के बीच पश्चिम एशिया में यूएस ने उतारी बड़ी सेना

वॉशिंगटन। ईरान के साथ जारी संघर्ष के चलते अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपनी बड़ी सेना उतारी हुई है। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी कर पश्चिम एशिया में तैनात अपने युद्धपोतों और लड़ाकू विमानों समेत सैनिकों आदि की जानकारी साझा की है। इससे साफ है कि अमेरिका, ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति बना रहा है।

## सीनियर सिटीजन के लिए अब एफडी हुई और भी फायदेमंद

### स्मॉल फाइनेंस बैंक दे रहे सबसे ज्यादा रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी**




शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच सुरक्षित निवेश चाहने वाले सीनियर सिटीजन के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) एक बार फिर सबसे पसंदीदा विकल्प बनकर उभरा है। साल 2026 में रिटायरमेंट के बाद अपनी पूंजी की सुरक्षा और रेगुलर इनकम को प्राथमिकता देने वाले बुजुर्गों के लिए एफडी पर शानदार रिटर्न मिल रहा है।

सीनियर सिटीजन को आमतौर पर आम ग्राहकों के मुकाबले 0.50% (50 बेसिस पॉइंट्स) ज्यादा ब्याज मिलता है। ब्याज की ये दरें आरबीआई की पॉलिसी, निवेश की अवधि और बैंकों की नकदी स्थिति पर निर्भर करती हैं।

सरकारी बैंकों में सीनियर सिटीजन के लिए एफडी दरें फिलहाल 7% के आसपास बनी हुई हैं। पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक और केनरा बैंक 444 और 555 दिनों जैसी चुनिंदा अवधि के लिए 7.10% तक ब्याज दे रहे हैं। वहीं, एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा 5 से 10 साल की लंबी अवधि पर 7.00% से 7.05% तक ब्याज ऑफर कर रहे हैं।

प्राइवेट बैंकों में रिटर्न थोड़ा बेहतर है। इंडसइंड बैंक 18 महीने की अवधि के लिए 7.50% के साथ सबसे आगे है।

कोटक महिंद्रा बैंक 7.30% और एक्सिस बैंक लंबी अवधि के लिए 7.20% ब्याज दे रहे हैं।

आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में यह दरें 7.00% से 7.10% के बीच हैं।

## अब तक सिर्फ 1 व्यक्ति ने ही लिया, 1300 आवेदन बेचे जाने का किया था दावा

# यूएस प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा फ्लॉप

**वाशिंगटन, एजेंसी**




अमेरिका में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बहुचर्चित ‘गोल्ड कार्ड’ वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डॉलर (9 करोड़ रुपए से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है।

वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लॉन्च होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रु. के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में ‘गोल्ड कार्ड’ वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डॉलर रखी थी। सितंबर में इसे घटाकर 1 मिलियन डॉलर कर दिया गया था।

कार्ड लॉन्च करते हुए ट्रम्प ने कहा था- राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डॉलर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा।

ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लॉन्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं।

ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा।

#### धनी विदेशियों के लिए है ये वीजा

गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है।



ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में ‘गोल्ड कार्ड’ वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था।


> “ट्रम्प का कहना था कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है।

## बेस कैंप के आगे खड़ी हो गई बर्फ की दीवार, सैकड़ों पर्वतारोही फंसे

# पीक सीजन में रुकी माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई

- खुम्बु आइसफॉल में विशाल हिमखंड ने रोकी एवरेस्ट चढ़ाई
- सैकड़ों पर्वतारोही बेस कैंप पर फंसे, रास्ता बंद
- आइसफॉल डॉक्टर्स को वैकल्पिक मार्ग नहीं मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी**



माउंट एवरेस्ट फतह करने निकले सैकड़ों पर्वतारोही इस वसंत मौसम में एक अनोखी चुनौती का सामना कर रहे हैं। बेस कैंप और कैंप-1 के बीच खुम्बु आइसफॉल में एक विशाल और अस्थिर हिमखंड लटक रहा है, जिसके कारण रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। इससे पीक सीजन की तैयारियां कई हफ्तों से पीछे चल रही हैं और पर्वतारोही बेस कैंप पर ही ठहरे हुए हैं।

यह करीब 100 फीट ऊंचा हिमखंड कैंप-1 के ठीक नीचे स्थित है। आइसफॉल डॉक्टर्स नामक विशेषज्ञ शेरपा टीम ने कई दिनों तक वैकल्पिक रास्ता तलाशने की कोशिश की, लेकिन कोई सुरक्षित बायपास नहीं मिल सका। नेपाल के पर्यटन विभाग के अधिकारी हिमाल गौतम ने बताया कि यह सेराक बेहद अस्थिर है और किसी भी वक्त गिरने का खतरा है। सगरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति (SPCC) अब हवाई सर्वेक्षण के जरिए स्थिति का जायजा ले रही है। समिति के अध्यक्ष लामा काजी शेरपा ने कहा कि हिमस्खलन का खतरा बहुत ज्यादा है, इसलिए एकमात्र विकल्प इस हिमखंड के खुद पिघलकर गिरने का इंतजार करना है। जब तक यह सुरक्षित स्तर तक नहीं आता, रास्ता खोलने का काम रुका रहेगा।

#### आइसफॉल डॉक्टर्स की मुश्किल

खुम्बु आइसफॉल एवरेस्ट चढ़ाई का सबसे खतरनाक हिस्सा माना जाता है। यहां गहरी दरारें, लगातार बदलता ग्लेशियर और दस मंजिला इमारत जितनी ऊंची बर्फ की दीवारें होती हैं। आइसफॉल डॉक्टर्स हर साल रस्सियां बांधकर और एल्युमिनियम की सीढ़ियां लगाकर रास्ता तैयार करते हैं।

आमतौर पर अप्रैल के मध्य तक उनका काम पूरा हो जाता है, लेकिन इस बार यह विशाल हिमखंड उनकी राह में बड़ी बाधा बन गया है।

**इस सीजन में कुल 410 विदेशी पर्वतारोहियों को एवरेस्ट चढ़ाई की अनुमति मिली है। खास बात यह है कि रिकॉर्ड 54 देशों की 97 महिलाएं इस बार चोटी फतह करने निकली हैं, जो महिलाओं की भागीदारी में नया कीर्तिमान है। बेस कैंप पर विदेशी पर्वतारोहियों के साथ-साथ सैकड़ों नेपाली गाइड और सहायक भी मौजूद हैं।**

# स्टोर में पति से 'गलती' से चल गई गोली

**गुजराती महिला की हालत गंभीर**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिका के लुइसियाना राज्य में एक स्टोर पर बातचीत के दौरान अचानक चली गोली ने 30 साल की एक महिला की जिंदगी बदल दी। गुजरात की रहने वाली यह महिला अब जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है, क्योंकि एक गोली उसके जबड़े को चीरती हुई को चीरती हुई निकल गई।

इस मामले में उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि ठीक होने के लिए उसे कई सर्जरी की जरूरत होगी और उसके इलाज में मदद के लिए क्राउडफंडिंग की कोशिश चल रही हैं। पीड़ित महिला, जिगीशा उर्फ सोनिया गजेरा, को 4 अप्रैल को बॉशियर सिटी के मेजो ग्रोसरी एंड डेली के अंदर गोली लगने से चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं।

पुलिस के मुताबिक, जब यह घटना हुई, तब हथियार उसके पति शरद गजेरा के पास था। गोली बहुत करीब से चली और उसके मुंह से होते हुए जबड़े के पार निकल गई। शरद को 21 अप्रैल को हथियार के अवैध इस्तेमाल के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वारंट जारी होने के बाद उसने अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया था।

जांच कर्ताओं ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब यह जोड़ा स्टोर के मालिक विंस मेजो के साथ स्टोर खरीदने के बारे में बातचीत कर रहा था। हालांकि पुलिस ने इस गोलीबारी को गलती से चली गोली बताया है, लेकिन हालात ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

चश्मदीदों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि जब यह जोड़ा स्टोर के मालिक से बात कर रहा था, तभी अचानक गोली चलने की आवाज आई। कई चश्मदीदों ने गलती से चलने वाली गोली के दावे पर सवाल भी उठाए।

सोनिया अभी भी बॉशियर सिटी के एक अस्पताल में गंभीर हालत में है। डॉक्टरों का कहना है कि उसकी चोटें इतनी गंभीर हैं कि उसकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल जाएगी। गोली लगने से वह अब सामान्य रूप से खाना भी नहीं खा पा रही है। उसके दांत, जबड़े और निचले होंठ को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा है।

**विवाद : भारत को नरक बताने पर घर में ही घिरे ट्रंप, ट्रंप ने भारत को 'नरक' बताने वाला पोस्ट साझा किया**

# ‘इकोनॉमी को गति और जॉब्स देते हैं प्रवासी’

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पॉडकास्ट का ट्रांसक्रिप्ट साझा किया था, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक बताया था। इस बयान पर भारतीय-अमेरिकी सांसदों, समुदाय के नेताओं और भारत सरकार ने नाराजगी जताई है।

ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर माइकल सैवेज के सैवेज नेशन पॉडकास्ट का हिस्सा शेयर किया। इसमें सैवेज ने अमेरिका के जन्म-आधारित नागरिकता कानून पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भारत और चीन से लोग अमेरिका आकर आखिरी महीने में बच्चा पैदा कराते हैं, ताकि बच्चा तुरंत अमेरिकी नागरिक बन जाए और पूरा परिवार बाद में आ सके। सैवेज ने भारत-चीन को नरक करार दिया और भारतीय पेशेवरों को लैपटॉप वाले गैंगस्टर जैसी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। कुल आबादी में सिर्फ 1.5% होने के बावजूद यह समुदाय देश के कुल आयकर में 6% का योगदान देता है। भुटोरिया ने कहा कि ये लोग नौकरियां पैदा करते हैं और अर्थव्यवस्था को गति देते हैं, जो हिंसा फैलाने वालों से कहीं बेहतर हैं। अमेरिका में हिंदुओं की सबसे बड़ी संस्था हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (HAF) ने इस बयान को नफरत भरा और नस्लवादी करार दिया। संस्था ने कहा कि ट्रंप को यह पोस्ट तुरंत हटानी चाहिए, क्योंकि इससे समुदाय के खिलाफ घृणा और खतरा बढ़ सकता है।

**इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने इसे खुलकर नस्लवादी बकवास बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें लाखों भारतीय-अमेरिकियों और भारत जैसे मजबूत साझेदार का अपमान है।**

**डेमोक्रेट नेशनल कमेटी के अजय भुटोरिया ने बयान को वास्तविकता से दूर बताया। उन्होंने कहा कि लैपटॉप वॉरियर्स असल में अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट और अडोबी जैसी बड़ी कंपनियों के सीईओ हैं। अमेरिका के 10% से ज्यादा यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के उद्यमियों ने शुरू किए हैं।**

#### भारतीय-अमेरिकी नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया

इस बयान पर भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों ने जवाब दिया। कैलिफोर्निया से डेमोक्रेट सांसद एमी बेरा ने कहा कि उनके माता-पिता भारत से आकर कड़ी मेहनत से अमेरिकी सपना साकार करने का मौका पा सके। उन्होंने कहा कि प्रवासी अमेरिका को कमजोर नहीं करते, बल्कि सेवा और नवाचार के जरिए उसे मजबूत बनाते हैं।

मुंबई स्थित ईरान के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर व्यंग्य करते हुए लिखा कि ट्रंप को भारत की यात्रा करनी चाहिए। पोस्ट में कहा कि कोई ट्रंप के लिए कल्चर डिटॉक्स ट्रिप बुक कर दे। इससे उनकी बकवास बातें कम हो सकती हैं। कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना। दूतावास ने महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का वीडियो भी शेयर किया।

## गेट्स-बफे दान न करते, तो दूसरे-तीसरे सबसे अमीर होते

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- फोर्ब्स लिस्ट में इलॉन मस्क दुनिया के सबसे अमीर लेकिन दान में बहुत पीछे

बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने दुनिया के अमीरों की सूची एक नए नजरिए से जारी की है। अरबपतियों की संपत्ति की दोबारा कैलकुलेशन करते हुए, उसमें उनके द्वारा किए गए दान को भी जोड़ा गया है।

इसमें जानने की कोशिश की गई है कि दुनिया के सबसे उदार अरबपतियों ने कभी दान न किया होता, तो आज उनकी संपत्ति और रैंकिंग कैसी होती? इसका जवाब पाने के लिए फोर्ब्स ने ‘टू नेट वर्थ’ रैंकिंग तैयार की।

इसमें माना गया कि अरबपतियों ने जो शेयर दान किए, वे उनके पास ही रहते और नकद दान भी बाजार की दरों के हिसाब से निवेश होता।

इलॉन मस्क फोर्ब्स की दोनों लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी संपत्ति का बेहद छोटा हिस्सा, करीब 0.06% ही वास्तविक दान किया है। बिल गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट के करीब 73.1 करोड़ शेयर दान किए हैं।

अगर उन्होंने ये शेयर अपने पास रखे होते, तो उनकी संपत्ति करीब 4 गुना ज्यादा होती और वे 19वें के बजाय दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति होते। इसी तरह, वॉरेन बफे भी 9वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाते। 2006 से उनके द्वारा दान किए गए शेयरों की कीमत करीब 700% बढ़ी है। मैकिंजी स्कॉट 58 स्थान चढ़कर 26वें नंबर पर पहुंच जातीं। उनके पूर्व पति जेफ बेजोस, टॉप 5 से बाहर हो जाते।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96